वर्ष-12 , अंक-10 — प्रयागराज, रविवार 10 मार्च 2024 से शनिवार 16 मार्च 2024 तक — पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

आधुनिक समाचार नेटर्वक

Download From

Adhunik Samachar

ब्रीफ न्यूज

आरोपी की तलाश के लिए एनआईए ने जनता से की मदद की अपील, जारी किया फोन नंबर

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)



बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु के लोकप्रिय रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में र्ईं ने जनता से मदद की अपील की है। दरअसल, जांच एजेंसी की ओर से जनता को अपील की गई है कि आरोपी से जुड़ी किसी भी तरह की जानकारी मिलते ही सूचित किया जाए। साथ ही, एजेंसी ने आरोपी की तस्वीर भी शेयर की है। ने जनता से अपील

करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें जनता से ब्लास्ट के आरोपी की जानकारी देने को कहा है। जांच एजेंसी द्वारा जारी किया गया पहला नंबर 0802 9510 900 और दूसरा नंबर 8904 241 100 है। र्ईं ने सोशल मीडिया पर आरोपी की कुछ तस्वीरें और दो वीडियो भी शेयर किए हैं। जांच एजेंसी ने जनता से अपील करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में लिखा,एनआईए से जुड़े संदिग्ध की पहचान करने में नागरिकों का सहयोग चाहती है। किसी भी जानकारी के लिए 08029510900, 8904241100 पर कॉल करें या पर ईमेल करें। आपकी पहचान गोपनीय रहेगी।ठ जांच एजेंसी की ओर से ब्लास्ट के आरोपी का दो वीडियो भी एक्स पर शेयर किया गया है। एक वीडियो में आरोपी बस स्टैंड पर नजर आ रहा है। वहीं, दूसरी वीडियो उस बस की है, जिसमें आरोपी सवार हुआ था। वीडियो के साथ भी जांच एजेंसी द्वारा जारी किया गया पहला नंबर 0802 9510 900 और दूसरा नंबर 8904 241 100 है इन दोनों में से किसी नंबर पर फोन कर आरोपी के बारे में जानकारी देने की एएनआई ने अपील की है। इसके अलावा एजेंसी ने पर ईमेल कर के भी जानकारी साझा करने की अपील की है।

सुबह-सुबह असम के काजीरंगा नेशनल पार्क पहुंचे पीएम मोदी, हाथी पर बैठकर की जंगल सफारी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री मोदी के असम दौरे का आज दूसरा दिन है। पीएम मोदी ने आज असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया। इस की। अधिकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले पार्क के सेंट्रल कोहोरा रेंज के मिहिमुख क्षेत्र में हाथी की सवारी की। इसके बाद उन्होंने उसी रेंज में जीप की सवारी का भी

दौरान उन्होंने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में हाथी की सवारी भी कीपीएम मोदी ने आज असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में हाथी की सवारी भी की। अधिकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले पार्क के सेंट्रल कोहोरा रेंज के मिहिमुख क्षेत्र में हाथी की सवारी की। इसके बाद उन्होंने उसी रेंज में जीप की सवारी का भी लुत्फ उठाया। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम मोदी शनिवार सुबह असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व पहुंचे। यहां उन्होंने हाथी और जीप की सवारी लुत्फ उठाया। प्रधानमंत्री के साथ काजीरंगा नेशनल पार्क के निदेशक सोनाली घोष और अन्य वरिष्ठ वन अधिकारी भी थे। प्रधानमंत्री राज्य के दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम को काजीरंगा पहुंचे थे। पीएम आज जोरहाट में प्रसिद्ध अहोम जनरल लचित बोरफुकन की 125 फीट ऊंची 'स्टैच्यू ऑफ वेलोर' का उद्घाटन भी करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम के अपने दो दिवसीय दौरे में करीब 18,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही यहां वह एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे।

भारत ने रोहिंग्याओं का पहला जत्था म्यांमार वापस भेजा, सैन्य तख्तापलट होने के बाद देश में दाखिल हुए घुसपैठिए

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को घुसपैठिए रोहिंग्याओं का पहला जत्था म्यांमार वापस भेज दिया। 2021 में म्यांमार में सैन्य तख्तापलट होने के बाद सैकड़ों रोहिंग्या अवैध रूप से भारतीय राज्यों में घुस आए थे। इनके कारण भारत में रोहिंग्या अवैध रूप से भारतीय राज्यों में घुस आए थे। इनके कारण भारत में सांप्रदायिक तनाव फैलने का खतरा बना हुआ था। यह जानकारी पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरन सिंह ने एक्स पोस्ट कर दी। इस दौरान उन्होंने रोहिंग्याओं को वैन से एयरपोर्ट ले जाने का वीडियो भी साझा

सांप्रदायिक तनाव फैलने का खतरा बना हुआ था। हालांकि, अभी यह जानकारी नहीं हो सकी है कि कितने लोगों को निर्वासित किया गया है भारत में अवैध रूप से घुसे घुसपैठिए रोहिंग्याओं का पहला जत्था म्यांमार वापस भेज दिया गया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरन सिंह ने एक्स पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। साल 2021 में म्यांमार में सैन्य तख्तापलट होने के बाद सैकड़ों किया बता दें कि गत माह भारत ने कहा था कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा समेत सीमावर्ती इलाकों के नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर म्यांमार के साथ दशकों पुरानी वीजा मुक्त आवाजाही नीति को समाप्त करने की घोषणा की थी। इसके कुछ दिन बाद ही गृह मंत्री अमित शाह ने म्यांमार के साथ लगने वाली 1643 किमी सीमा पर बाड़ लगाने की घोषणा की थी।

वरिष्ठ अफगान अधिकारियों से मिला भारतीय प्रतिनिधिमंडल, मानवीय सहायता को लेकर हुई बातचीत

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान अफगानिस्तान के लोगों को भारत की ओर से भेजे जा रहे मानवीय आभार व्यक्त करते हुए मुत्ताकी ने कहा कि काबुल भारत के साथ राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना चाहता है। तालिबान के विदेश मंत्री ने अफगान व्यापारियों मरीजों और छात्रों के लिए भारत द्वारा अफगान व्यापार समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की। सिंह और मुत्ताकी ने सुरक्षा, व्यापार और नशीले पदार्थों के मुकाबले के तरीकों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। मानवीय सहायता के लिए भारत का आभार

सहायता को लेकर बातचीत हुई। साथ ही चाबहार पोर्ट के अफगानिस्तानी लोगों की ओर से उपयोग को लेकर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान प्रभाग के प्रमुख संयुक्त सचिव जेपी सिंह ने गुरुवार को तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के साथ बातचीत की। मानवीय सहायता के लिए भारत का वीजा जारी करने की सुविधा प्रदान करने का आह्वान किया। भारत ने अब तक अफगानिस्तान में तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने अफगान अधिकारियों के वरिष्ठ सदस्यों, पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई, अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन के अधिकारियों और व्यक्त करते हुए मुत्ताकी ने कहा कि काबुल भारत के साथ राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना चाहता है। तालिबान के विदेश मंत्री ने अफगान व्यापारियों, मरीजों और छात्रों के लिए भारत द्वारा वीजा जारी करने की सुविधा प्रदान करने का आह्वान किया। भारत ने अब तक अफगानिस्तान में तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी है।

धमाके के 8 दिन बाद फिर से खुला रामेश्वरम कैफे, कड़ी सुरक्षा के इंतजाम; संदिग्ध की तलाश जारी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु का लोकप्रिय रामेश्वरम कैफे विस्फोट के 8 दिन बाद शनिवार सुबह कड़ी सुरक्षा में खोला गया। आउटलेट के बाहर लंबी कतार में ग्राहकों की लाइन देखने को मिली। कैफे खोलने के पहले, कैफे के सह-संस्थापक राघवेंद्र राव और सभी कर्मचारी राष्ट्रगान के लिए शामिल हुए। कर्नाटक के बेंगलुरु का लोकप्रिय रामेश्वरम कैफे विस्फोट के 8 दिन बाद शनिवार सुबह कड़ी सुरक्षा में खोला गया। एक हफ्ते पहले इस कैफे में विस्फोट हुआ था जिसमें कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। इस बम ब्लास्ट के 8 दिन बाद कैफे को एक बार फिर से खोला गया। ग्राहकों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए कैफे को दोबारा से रेनोवेट किया गया। एक हफ्ते पहले यानी 1 मार्च को इस कैफे में विस्फोट हुआ था, जिसमें कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। इस बम ब्लास्ट के 8 दिन बाद कैफे को एक बार फिर से खोला गया। ग्राहकों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए कैफे को

दोबारा से रेनोवेट किया गया। समाचार एजेंसीर्ीं घ् से बात करते हुए राघवेंद्र राव ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए हम सभी सुरक्षा उपाय कर रहे हैं। हम अपनी सुरक्षा टीम को मजबूत कर रहे हैं और अपने सुरक्षा गार्डों को ट्रेन करने के लिए पूर्व सैनिकों का एक पैनल बनाने की भी कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले शुक्रवार को, राघवेंद्र राव ने एएनआई को बताया कि हमने अधिकारियों को सभी सीसीटीवी फुटेज और जानकारी दे दी है। हम उनके साथ सहयोग कर रहे हैं। इतनी जल्दी कैफे को फिर से खोलने में मदद करने के लिए हम सरकार के बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि एनआईए जल्द ही अपराधी को हमारे सामने लाएगी। हमने कैफे को दोबारा खोलने से पहले सभी सावधानियां बरती हैं। सरकार और पुलिस ने हमें निर्देशित किया है कि कहां अधिक सीसीटीवी लगाए जाएं। हम परिसर पर नजर रखने के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त करेंगे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (र्ईं) ने बुधवार को रामेश्वरम कैफे में विस्फोट के संबंध में हमलावर के बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की। एजेंसी ने इस बात पर भी जोर दिया कि सूचना देने वालों की पहचान की गोपनीयता बनाए रखी जाएगी। एजेंसी ने हमलावर की एक तस्वीर भी जारी की, जो बेंगलुरु के ब्रूकफील्ड इलाके में एक लोकप्रिय भोजनालय, रामेश्वरम कैफे में एक बैग रखते हुए सीसीटीवी फुटेज से ली गई थी। एनआईए की ओर से जारी तस्वीर में हमलावर टोपी, काली पैंट और काले जूते पहने नजर आ रहा है। पोस्ट में, एनआईए ने इस बात पर भी जोर दिया कि हमलावर की गिरफ्तारी के लिए कोई भी जानकारी देने पर उसे पुरस्कृत किया जाएगा।

'जो काम हमने पांच साल में किया, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते थे'

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अरुणाचल दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने आज पूर्वोत्तर राज्य में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके साथ ही, पीएम मोदी ने सेला सुरंग का उद्घाटन भी किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने सेला सुरंग का उद्घाटन भी किया। सेला सुरंग का रणनीतिक महत्व है क्योंकि इससे लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पूर्वी क्षेत्र में तेजी से भारतीय सैनिकों की तैनाती हो सकेगी। जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ठनॉर्थ ईस्ट के विकास के लिए हमारा विजन अस्ट लक्ष्मी का रहा है। साउथ एशिया और ईस्ट एशिया के साथ भारत के ट्रेड, टूरिज्म और दूसरे रिश्ते की एक-एक मजबूत कड़ी, यह हमारा नॉर्थ ईस्ट बनने जा रहा है। आज भी यहां एक साथ

55,000 करोड़ रुपए से अधिक के परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास हुआ है।ठ उन्होंने कहा, ठआज अरुणाचल प्रदेश के 35 हजार गरीब परिवारों को अपने पक्के घर मिले हैं। अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के हजारों परिवारों को नल कनेक्शन मिले हैं, नॉर्थ ईस्ट के अलग अलग राज्यों में कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा, ठनॉर्थ ईस्ट को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने विशेष तौर पर 'मिशन पाम ऑयल' की शुरुआत की थी। आज इसी मिशन के तहत पहली ऑयल मिल का लोकार्पण हुआ है। ये मिशन भारत को खाद्य तेल के मामले में आत्मनिर्भर तो बनाएगा ही साथ ही यहां के किसानों की भी आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा, ठपूरे देश में विकसित राज्य से विकसित भारत का 'राष्ट्रीय महोत्सव' मनाया जा रहा है। आज मुझे पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के साथ 'विकसित पूर्वोत्तर' मनाने का अवसर मिला है। मैं आप सभी को 'विकसित भारत संकल्प' के लिए बधाई देता हूं।ठपीएम मोदी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा, ठभाजपा सरकार के इन प्रयासों के बीच कांग्रेस और घ्ठ्ठ गठबंधन क्या कर रहे हैं, यह आपको पता है।

फिर पलटी मारेगा मौसम पहाड़ों पर बर्फबारी तो इन राज्यों में जारी हुआ बारिश का अलर्ट

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है। आने वाले दिनों में पहाड़ी इलाकों में एक बार फिर बर्फबारी और बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 11 से 14 मार्च के बीच संभावना है। वहीं, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और बर्फ गिर सकती है। 12 से 14 के बीच पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बारिश होने की उम्मीद है। अगले 24 घंटों में जम्मू-कश्मीर- में मार्च की सबसे ठंडी सुबह रही। इस बीच, ताजा पश्चिमी विक्षोभ के अगले सप्ताह पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है, जिससे हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर आंधी और बारिश आ सकती है। 13 और 14 मार्च को हिमालयी

पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों और मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं हिमाचल प्रदेश लद्दाख जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और बर्फ गिर सकती है। पंजाब हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बारिश होने की उम्मीद है। इस बीच ताजा पश्चिमी विक्षोभ के अगले सप्ताह पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, 11 से 14 मार्च के बीच पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों और मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होने की लद्दाख-गिलगितबाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। वहीं, पंजाब, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, केरल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर भी हल्की बारिश होने की उम्मीद है। छ्व्र के अनुसार, दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से पांच डिग्री कम है। वहीं, गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी राज्यों में गरज के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, पंजाब में 12 और 13 मार्च को छिटपुट बारिश हो सकती है। आईएमडी ने 7 और 9 मार्च को ओडिशा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में छिटपुट बारिश की भविष्यवाणी की है।अगले हफ्ते अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा आज यानी 9 मार्च को तटीय आंध्र प्रदेश में हल्की छिटपुट वर्षा हो सकती है।

चुनाव आयोग ने आम चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले की सुरक्षा समीक्षा, 3.4 लाख जवानों की मांग

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा कर्मियों की देशभर में तैनाती और आवाजाही के मुद्दे पर गृह मंत्रालय और रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की। माना जा रहा है कि बैठक में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने संभावना पर चर्चा की। चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा कर्मियों की देशभर में तैनाती और आवाजाही के मुद्दे पर गृह मंत्रालय और रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की। माना जा रहा है कि बैठक में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ आंध्र प्रदेश ओडिशा सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने संभावना पर चर्चा की। चुनाव आयोग का प्रतिनिधित्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और साथी चुनाव आयुक्त अरुण गोयल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। बैठक में आयोग ने ड्यूटी के लिए तैनात किए जाने वाले केंद्रीय बलों की समय पर आवाजाही की आवश्यकता पर बल दिया। सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही के लिए अच्छे डिब्बों पर जोर आयोग ने सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही के लिए अच्छे डिब्बों की जरूरत पर भी जोर दिया। आयोग ने वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों समेत विषम परिस्थिति वाले इलाकों में केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए पर्याप्त संख्या में हेलीकॉप्टरों की भी मांग की चुनाव के लिए 3.4 लाख जवानों की मांग आयोग ने लोकसभा चुनाव और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए 3.4 लाख केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की मांग की है। बता दें कि गत दिसंबर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था।आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभाओं के कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहे हैं और राज्यों में चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ होंगे। हालांकि जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और 2019 में जम्मू और कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशो में विभाजित किए जाने के बाद यह पहला चुनाव होगा।

अराकुलोया में चार मोटरसाइकिलों की आपस में हुई भीषण टक्कर, 11 लोग थे सवार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

अलुरी (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारमा राजू (एएसआर) जिले के अराकुलोया मंडल में चार मोटरसाइकिलों की आपस में भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार की रात महाशिवरात्रि के मौके पर हुई। आंध्र प्रदेश के अराकालोया घाटी 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए है, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मोटरसाइकिलों की टक्कर वारी मदाला पंचायत के दुम्मा गुदरी और गंजाई गुड़ा गांव के बीच हुई। पुलिस ने बताया कि बाइक सवार गंजाई गुड़ा जठारा जा रहे थे। दुर्घटना की पूरी जानकारी अभी आनी बाकी है। इस सप्ताह की शुरुआत में, आंध्र प्रदेश

में मोटरसाइकिलों के आपस में टकराने से 4 की मौत हो गई। एएसआर जिला पुलिस के मुताबिकहादसे के दौरान चार बाइक पर 11 लोग सवार थे। भीषण टक्कर के बाद तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चौथे व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना में 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए है जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। एएसआर जिला पुलिस के मुताबिक, हादसे के दौरान चार बाइक पर 11 लोग सवार थे। भीषण टक्कर के बाद तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, चौथे व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना में के नंदयाला जिले के अल्लागड्डा मंडल में राष्ट्रीय राजमार्ग पर नल्लागटला गांव में पांच लोगों की मौत हो गई थी। पीड़ितों की पहचान तेलंगाना के मंत्री रविंदर रेड्डी के परिवार के सदस्यों के रूप में की गई। सभी तिरूपति से हैदराबाद लौट रहे थे। दुखद बात यह है कि उनकी कार कर्नाटक की एक लॉरी से टकरा गई, जिससे कार में सवार सभी पांच लोगों की तुरंत मौत हो गई। फरवरी के अंत में, आंध्र के काकीनाडा जिले के प्रत्तीपाडु मंडल में पदलेम्मा मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस की खड़ी ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें चार लोगों की जान चली गई।

डाक पंजीयन नं. AD -326/2021-2023 - website:www.aadhuniksamachar.com – E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com आधुनिक समाचार

10.03.2024.pmd 1 3/9/2024, 3:44 PM

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव बारात नैनी से महाकाल सेवा ट्रस्ट द्वारा निकाली गई शिवबारात

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
प्रयागराज, नैनी। शुक्रवार 8 मार्च 2024 महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव बारात नैनी से महाकाल सेवा ट्रस्ट द्वारा निकाली गई जो कि पूरे शहर मोहल्ले गलियों में घुमाई गई जिसमें बड़ी मात्रा में भक्तजनों के साथ पुलिस प्रशासन अपने पुलिस बल के साथ यातायात की व्यवस्था को निरन्तर रखने में लगी रही जिसमें जिला अपराध निरोधक समिति से यमुनानगर यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा अपनी टीम के साथ सेवा में लगे रहे वहीं तमाम समाजसेवी लोग व्यापार मंडल के साथ रामजी केसरवानी वरिष्ठ पत्रकार, नागरिक सुरक्षा, एसपीओ टीम प्रभारी भी अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे और पूरा आयोजन शांतिपूर्वक सम्पनन कराया। आगामी पर्व होली में भी जिला अपराध निरोधक समिति के यमुनानगर यूथ प्रभारी मनीष विश्वकर्मा के अनुसार वह अपनी टीम के साथ इसी प्रकार से पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित कर यातायात नियंत्रण एवं शांति सुरक्षा में अपना योगदान देंगे।

पहाड़पुर में बह रही है भागवत कथा की अमृतमर धारा

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
प्रतापगढ़। विकास खण्ड लालगंज के पहाड़पुर ग्राम में कथावाचक रामानुजाचार्य देवप्रवर प्रपननचार्य के मुखारविंद से भागवत कथा का श्रवण कर श्रोता भाव विभोर हो रहे हैं। उन्होंने अपने कथा वाचन में मां देवकी के मन की उस पीड़ा का बड़ा मार्मिक वर्णन किया जब छ संतान खोने के बाद मां देवकी की आशाएं धुंधली हो रही थीं।साथ ही श्रीकृष्ण की लीला का बड़ा आत्मिक चित्रण किया। इस भागवत कथा में भारी संख्या में लोग मौजूद होकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का श्रवण कर आनंदित हो रहे हैं।यजमान समूह से अशोक कुमार दुबे ने बताया कि साथ दिवसीय इस कथा का अंतिम दिवस 13 मार्च को होगा।यजमान में सुरेंद्र मोहन दुबे,प्रमोद कुमार दुबे,विनय कुमार दुबे,विकी,लकी आदि कथा का श्रवण कर रहे हैं तथा आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

राष्ट्रपति के हाथों स्वर्ण पदक पाकर अभिषेक ने सोनभद्र का बढ़ाया मान

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
सोनभद्र। देश में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 12 कैंपस और संबद्ध विद्यालय महाविद्यालय में एमए वेदविद्याशाखा में सबसे अधिक नंबर प्राप्त करने पर मिला मैडल यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में विगत वर्ष 2023 में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभी 12 कैंपसो मे (एमए) वेदविद्याशाखा में सबसे अधिक नंबर प्राप्त करने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं कुलपति आचार्य श्रीनिवास वरखेड़ी ने सोनभद्र के रहने वाले वेदाचार्य अभिषेक (राहुल चौबे) को स्वर्ण पदक द्वारा सम्मानित किया। इसकी जानकारी मिलने पर अभिषेक को उनके परिजनों और शुभ चिंतकों ने बधाई दी है। बतादें कि देश के केन्द्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय के वेद विभाग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ के एमए फाइनल के छात्र अभिषेक चौबे सम्मानित हुए हैं। मूलरूप से सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज तहसील क्षेत्र के बरकरा गांव निवासी अभिषेक चौबे ने अपने इस सफलता के श्रेय अपने गुरुजनों, पिता दिनेश चौबे, माता सीमा चौबे व परिवार के अन्य सदस्यों को दिया है। अभिषेक चौबे ने कहा कि इरादा पक्का हो तो लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मेरा मुख्य लक्ष्य लोगों के बीच में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करना है नोट- दिल्ली में अभिषेक चौबे को सम्मानित करते केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति श श्रीनिवास वरखेडी जी।

रेलवे क्रासिंग के पास मिला युवती का शव, कट गए थे दोनों पैर, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
प्रयागराज। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे साइकिल से बाजार के लिए निकली युवती देर रात तक वापस नहीं आई। शनिवार को उसका शव रेलवे क्रासिंग के पास मिला। परिजनों ने अपहरण के बाद सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या की आशंका जताते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थरवई थाना क्षेत्र के कनेहठी रेलवे क्रासिंग के पास शनिवार को एक युवती का शव मिला। उसके दोनों पैर कट गए थे। पुलिस से सूचना मिलने के बाद रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। घर वालों ने अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इलाके के एक 22 वर्षीय गांव की युवती शुक्रवार को दोपहर 12 बजे साइकिल से बाजार के लिए निकली थी, लेकिन काफी देर हो जाने के बाद वह घर नहीं लौटी। इससे परेशान होकर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। देर रात तक उसका कुछ पता नहीं चला। शनिवार की सुबह कनेहठी रेलवे क्रासिंग के पास एक युवता का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी। युवती के दोनों पैर कटे हुए थे और सिर में भी गंभीर चोट के निशान पाए गए। परिजनों ने अपहरण के बाद सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया है।डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि शव के पास ही मृतका की साइकिल पड़ी मिली है। मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम में ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

श्री लक्ष्मी पब्लिक स्कूल का द्वितीय वार्षिकोत्सव हुआ संपन्न

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
प्रयागराज। यूँ तो शिक्षा के क्षेत्र में हर रोज़ नये विद्यालय खुलते जा रहे है , नये तकनीकी युग में नयी पद्धति से शिक्षा को नया आयाम दिया जा रहा है । प्रयागराज के नैनी में श्री लक्ष्मी पब्लिक स्कूल ने भी शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभावान छात्रों के साथ अनुभवी शिक्षकों के साथ एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है । अपने द्वितीय वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में श्री लक्ष्मी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पवन श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि एम एन सी डॉ के पी श्रीवास्तव ,के पी ट्रस्ट के अद्यक्ष सुशील सिन्हा , वरिष्ठ समाज सेवी बी बी दूबे , भाजपा मंडल प्रभारी विनोद तिवारी एवं शिवमु अक्षयवट अस्पताल के संस्थापक डॉ अरविंद राय के साथ दीप जलाकर माँ सरस्वती की वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।तत्पश्चात् बच्चों ने राम आयेंगे जैसे भजनों पर नृत्य करके माहोल को चार चाँद लगा दिया । मोबाइल फ़ोन के ग़लत प्रभाव को दिखाते हुए छात्र एवं छात्राओं ने अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया ।छात्र छात्राओं के साथ अभिभावकजनों को पुरस्कृत करके संस्था ने एक अलग और बेहतरीन प्रयास किया । सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका के रूप में अंजू सिंह को सम्मानित किया गया ।मीडिया जगत से कार्यक्रम में अजय गुप्ता ,सुधांशु शर्मा, दिलीप जायसवाल,राम जी केशरवानी एवं श्रीकान्त शाह उपस्थित रहे । हेलो जॉब एवं जीसीईएल कोचिंग के संस्थापक प्रभाकर तिवारी एवं जिला अपराध निरोधक समिति के प्रभारी मनीष विश्वकर्मा ने अपनी विशेष उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास केंद्र

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
प्रयागराज। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अपनी उत्कृष्ट शिक्षा शैली के लिए पहचान जाता है केंद्र की कार्यप्रणाली को देखते हुए सिविल डिफेंस के स्टाफ ऑफिसर रौनक गुप्ता ने केंद्र के सभी लोगो को बधाई दी एवं सम्मान पत्र देकर केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर को सम्मानित किया।

अवन्तिका विकास समिति के प्रबंधकारिणी समिति का हुआ गठन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
नैनी, प्रयागराज। अवन्तिका विकास समिति के कार्यसमिति की बैठक समिति कार्यालय में संपनन हुई, जिसमे प्रबन्धकारिणी एवं कार्यकारिणी समिति का गठन सम्पनन हुआ। बैठक की अध्यक्षता समिति के संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह एवं संचालन सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र ने किया । चयनित पदाधिकारियों में विनोद शंकर तिवारी अध्यक्ष, डी के सिंह व जगदम्बा प्रसाद शुक्ल उपाध्यक्ष, सुनील श्रीवास्तव महामंत्री, सुनील साहनी मंत्री, अशोक जायसवाल संयुक्त मंत्री, अनिल द्विवेदी कोषाध्यक्ष, आशुतोष मिश्र मीडिया प्रभारी चुने गये। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में महिला प्रकोष्ठ की मीना जायसवाल, अन्जुम नाज, बिन्दू राठौड़ तथा ए1 ब्लांक से ब्रिजेन्द्र पाठक, ए ब्लॉक से गंगा प्रसाद ठाकुर, बी से अनिल मिश्र, सी से एन पी मिश्र, डी से केएल जायसवाल, विश्व बैंक से दीपक पटेल, ईई से सुभाष चन्द्र, ईएल से एम आर वुशवाहा, आदि का चयन सर्वसम्मति से सम्पनन हुआ।

पहाड़पुर में होगा होली मिलन कवि सम्मेलन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
प्रतापगढ़। होली के पावन सन्दर्भ में प्रेम,सद्भाव,समरसता,एकता एवं मतदाता जागरूकता को दृष्टिगत भारत-भारतीय पहाड़पुर में होली मिलन कवि सम्मेलन का आयोजन 29 मार्च को करेगा।यह होली मिलन कवि सम्मेलन अशोक कुमार दुबे एवं विनोद कुमार वर्मा के संयोजन में दिन में आयोजित होगा।अशोक कुमार दुबे ने बताया कि सुप्रसिद्ध कवि एवं कहानीकार डॉ.रणजीत सिंह के कवि समूह के कवि एवं कवयित्री प्रेम,सद्भाव,समरसता, सौहार्द,एकता और मतदाता जागरूकता पर आधारित कविताओं का वाचन करके श्रोताओं को संदेश देने के साथ ही आनंदित करेंगे।इस परिपेक्ष्य में एक बैठक सामाजिक माध्यम से आहूत की गई जिसमें देवदत्त शुक्ल प्रधान,तकनीकी सहायक अजीत सिंह,पूर्व प्रधान श्यामलाल वर्मा,अनिरुद्ध प्रसाद वर्मा,दिनेश प्रताप सिंह,दीपक दुबे,अशोक कुमार दुबे,विनोद कुमार वर्मा,गिरिजेश विश्वकर्मा आदि ने भाग लिया। अध्यक्षता नवीन दुबे ने किया।कार्यक्रम के प्रेरणा स्रोत डॉ.रणजीत सिंह ने प्रस्ताव रखा कि कार्यक्रम में स्मृतिशेष दिनेश चन्द्र दुबे समाजसेवी के नाम पर एक रचनाकार को सम्मानित किया जाएगा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।जैसा कि ठभारत-भारतीयठ कई वर्षों से सगरा सुन्दरपुर के कवि सम्मेलन में समाजसेवी दिनेश चन्द्र दुबे सम्मान हर वर्ष एक कवि को सम्मान स्वरूप प्रदान करती रही है जिसमें कवि को रूपये 5100/ नकद,सम्मान पत्र एवं दुशाला भेंट किया जाता है।

अनामिका चौधरी ने महाशिवरात्रि पर्व पर देवों के देव महादेव की महारूद्राभिषेक किया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

प्रयागराज। प्रयागराज के संगम तट पर अनामिका चौधरी प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश एवं भगवान शिव का रूद्राभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है उन्होंने आज़ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी माताओं, बहनों को बधाई देते हुए

प्रभारी चंदौली ने अपने पदाधिकारियों संग महाशिवरात्रि पर्व पर देवों के देव महादेव की महारूद्राभिषेक किया। अनामिका चौधरी ने बताया कि आज तीन सौ वर्षों के बाद ऐसा अद्भुत शिव और शक्ति का शुभ संयोग बना है। भगवान शिव की जटाओं से मां गंगा निकली है,हम सभी ने उनके तट पर कहा कि आने वाला समय मातृ शक्तियों का होगा। हमारी बहनें स्वावलंबी बननें की तरफ तेजी से अग्रसर होंगी। जय त्रिवेणी जय प्रयाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री प्रदीप पांडेय एवं सभी बटुकों ने बहुत शानदार पूजा - अर्चना किया गया। सभी पदाधिकारियों पर भगवान शिव की कृपा बनी रहे।

थाना चोपन पुलिस द्वारा, एक नफर वांछित अभियुक्त, को किया गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-35/2024 धारा 363,366 भादवि में वांछित चल रहे अभियुक्त अंकुर पासवान पुत्र स्व0 राजेश कुमार उर्फ राजू निवासी सलखन थाना चोपन जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 20 वर्ष को आज दिनांक 07.03.2024 को समय 11.20 बजे चोपन बैरियर के पास से गिफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-** 1. अंकुर पासवान पुत्र स्व0 राजेश कुमार उर्फ राजू निवासी सलखन थाना चोपन जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 20 वर्ष । **गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीमः-** 1. प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह थाना चोपन जनपद सोनभद्र । 2. व0उ0नि0 ओमप्रकाश नारायण सिंह थाना चोपन जनपद सोनभद्र । 3. का0 विश्वरंजन चौबे थाना चोपन जनपद सोनभद्र ।

हत्या का प्रयासः दोषी शैडो और ठेकेदार को 10-10 वर्ष की कठोर कैद

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

सोनभद्र। 11 वर्ष पूर्व भोलाराम चौरसिया के ऊपर जान मारने की नियत से फायर करने और पैर में गोली लगने के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एहसानुल्लाह खां की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषियों शैडो शारदा प्रसाद सिंह तथा ठेकेदार जयराम पटेल को 10- 10 वर्ष की कठोर कैद व 33-33 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2- 2 वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं घायल भोलाराम चौरसिया को अर्थदंड की धनराशि में से 50 हजार रूपये मिलेगा। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बालेश्वर प्रसाद चौरसिया पुत्र भोलानाथ चौरसिया निवासी बीडर, थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र ने 7 दिसंबर 2012 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसके पिता दरवाजे पर बैठकर बात कर रहे थे तभी 11 बजे दिन बिजली विभाग के ठेकेदार जयराम पटेल अपने शैडो शारदा प्रसाद सिंह के साथ बिजली का बिल वसूलने आ गए। जब पिताजी ने कहा कि बैठिए मैं लाकर दे रहा हूं इतने में शैडो शारदा प्रसाद सिंह ने रंजिशन जान मारने की नियत से उसके पिता को गोली मार दिया, जिससे उनके पैर का चीथड़ा उड़ गया। वे लोग जाते समय घर को बम से उड़ाने एवं पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी के साथ ही गाली देते हुए चले गए। उसके पिताजी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस तहरीर पर पुलिस ने बिजली विभाग के ठेकेदार जयराम पटेल पुत्र राजकुमार पटेल निवासी बीडर, थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र और शैडो शारदा प्रसाद सिंह पुत्र चंद्रिका सिंह निवासी बरहत, थाना सदियाबाद, जिला गाजीपुर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों शैडो शारदा प्रसाद सिंह और देकेदार जयराम पटेल को 10- 10 वर्ष की कैद व 33- 33 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2- 2 वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से एसपीओ सत्य प्रकाश वर्मा ने बहस की।

थाना चोपन पुलिस द्वारा, चोरी सम्बन्धित प्रकरण में एक नफर वांछित अभियुक्त, को किया गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

डाला सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन मे जनपद में चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने व संलिप्त वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में आज दिनांक 07.03.2024 को थाना रायपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-19/2024 धारा 380,457,411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त गुड्डू यादव उर्फ सहजादा पुत्र महेन्द्र यादव निवासी बनबहुअर थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-** 1.गुड्डू यादव उर्फ सहजादा पुत्र महेन्द्र यादव निवासी बनबहुअर थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1.उ0नि0 रामनयन यादव थाना रायपुर जनपद सोनभद्र । 2.हे0का0 राकेश सिंह यादव थाना रायपुर जनपद सोनभद्र । 3.हे0का0 मोहन कश्यप थाना रायपुर जनपद सोनभद्र ।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सर्प डांस का दिया संदेश

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

सोनभद्र। जिला आपदा विशेषज्ञ पवन कुमार शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन, राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा अनुमोदित सर्प दंश पायलट प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन हेतु दिनांक 01 मार्च, 2024 से 10 मार्च, 2024 तक जनपद के विभिनन 10 ब्लाको रॉबर्ट्सगंज, कर्मा, चतरा, नगवा, घोरावल, चोपन, कोन, दुद्धी, म्योरपुर, बभनी में प्रत्येक ब्लॉक के तीन से चार स्थानों पर जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण सोनभद्र द्वारा नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । उक्त नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में सर्प दंश से बचाव विषय पर विस्तृत रूप ग्राम वासीयों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिसमें ब्लॉक घोरावाल के पड़वनिया, शिवद्वार, कडिया ब्लॉक कर्मा के पुरख़ास, जेठी सिरसिया, करौंदी चतरा के उची खुर्द, तियरा कला किचनार व नगवा ब्लॉक के मऊ कला मकरीबारी, चीरूई आदि ग्राम पंचायतों में आयोजित कर समस्त उपस्थित व्यक्तियों को विशेष रूप से साँप के काटने पर तत्काल नज़दीक के अस्पताल ले जाने व डॉक्टर द्वारा बताये गये सलाह के आधार पर प्राथमिक उपचार किए जाने पर अवगत कराया जा रहा है और साथ ही साथ झाड़ फूक सोखा ओझा आदि के चक्कर में पड़ कर जान गँवाने से बचने के प्रति जागरूक किया जाता है।

थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 148/24 धारा 366,376,120बी,506 भादवि से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के आदेश के क्रम में मै उ0नि0 रामसिंहासन शर्मा मय हमराह का0 शिवाजी राव व का0 लवकुश खरवार मय वाहन सरकारी युपी 64 जी 0313 मय चालक के रवानाशुदा रो0आम तारीखी इमरोज़ा से बाद करने देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त के अन्दर क्षेत्र मामूर था कि जरिये मुखबीर खास सूचना मिली कि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण शमीम अहमद व ऐमन समानी जो कि पिता पुत्र है, कही जाने की फिराक में रोजवेज बस स्टैण्ड के पास मौजूद है, यदि जल्दी किया जाय तो पकडे जा सकते है, कि सूचना पर मैं उ0नि0 मय हमराह कर्मचारीगण को साथ लेकर मुखबीर द्वारा बताये गये रोजवेज बस स्टैण्ड पर आया, जहाँ पर शमीम के साथ एक लडका एक बस के पास खडा दिखाई दिया, हम पुलिस वालों को देखकर छिपने का प्रयास किया गया कि एक बार की दबिश देकर दोनो व्यक्तियों को पकड लिए, पकडे गये व्यक्तियों का नाम पता पूछा गया तो अपना अपना नाम क्रमशः 1-ऐमन समानी पुत्र शमीम अहमद सा0 ब्रह्मनगर गली नं0 03 थाना रा0गंज सोनभद्र उम्र करीब 21 वर्ष 2-शमीम अहमद पुत्र अब्दुल रसीद निवासी ब्रह्मनगर गली नं0 03 थाना रा0गंज सोनभद्र उम्र करीब 50 वर्ष **गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम का विवरण-** उ0नि0 रामसिंहासन शर्मा मय हमराह का0 शिवाजी राव व का0 लवकुश खरवार मय वाहन सरकारी युपी 64 जी 0313 मय चालक।

थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 148/24 धारा 366,376,120बी,506 भादवि से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया का दिनांक व स्थान- दिनांक 07.03.2024 समय 07.45 बजे सुबह गिरफ्तारीस्थान रोजवेज बस स्टैण्ड रा0गंज सोनभद्र गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- 1-ऐमन समानी पुत्र शमीम अहमद सा0 ब्रह्मनगर गली नं0 03 थाना रा0गंज सोनभद्र उम्र करीब 21 वर्ष 2-शमीम अहमद पुत्र अब्दुल रसीद निवासी ब्रह्मनगर गली नं0 03 थाना रा0गंज सोनभद्र उम्र करीब 50 वर्ष **गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम का विवरण-** उ0नि0 रामसिंहासन शर्मा मय हमराह का0 शिवाजी राव व का0 लवकुश खरवार मय वाहन सरकारी युपी 64 जी 0313 मय चालक। मा0 सवोच्च न्यायालय व मानवाधिकारी आयोग के निर्देशो का पालन करते हुए समय करीब 07.45 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तारी के समय मानवाधिकार आयोग व उच्चतम न्यायालय के आदेशों निर्देशों का अक्षरशः पालन किया। गिरफ्तारी की सुचना अभियुक्त के परिजनों को अकब से दिया गया।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर एण्ड सेफ्टी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन इंजिनियर, सिस्टम सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इण्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है
नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
महानिदेशक अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश
C.O.P.A.
Fitter
Security Service
Electric Technician
Electrician
Computer Application
Repair of Refrigerator & A.C.
Fire Safety & Industrial Security
Computer Teacher Training
Computer Hardware & Maintenance
Welding Technology
Certificate in YOGA
Message
नन्दी गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
स्टाम्प न्यायालय शुल्क, पंजीयन एवं नागरिक उड्डयन विभाग उत्तर प्रदेश
मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि आपकी संस्था "नैनी आद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र" द्वारा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी "प्रवेश विवर्जिका" नाम की पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका छात्र/छात्राओं में चेतना, सृजनात्मक शक्ति, बौद्धिक क्षमता एवं उनकी वैचारिक एवं मानसिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने मे अवश्य सार्थक सिद्ध होगी।
संस्था द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिका " प्रवेश विवर्जिका" के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं!
भवदीय
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
Nand Goapal Gupta
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
N.C.V.T. D.G.E.T से मान्यता प्राप्त
फिटर
आसान किस्तों में फीस जमा करने की सुविधा
COPA
छात्रवृत्ति की सुविधा
100% प्लेसमेंट की गारंटी
अप्रेन्टिशिप की सुविधा
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity

भाजपा की सरकार बनाने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दें राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी की आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त विकसित भारत को होर्ट मिलन समारोह का आयोजन गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर सम्पनन हुआ। कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह, विशिष्ठ अतिथि राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड मौजूद रहे। बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि अनिल सिंह ने कहा कि विकसित भारत कोहोर्ट मिलन समारोह मे आये हुए सभी रिटायर्ड कर्मचारी, सफाईकर्मी, खदानो मे काम करने वाले मजदूर के साथ पहले की सरकारो ने लगातार पक्षपात किया और विकास की मुख्यधारा से दूर रखा जब से देश में भाजपा की सरकार बनी है, सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी प्रकार की लाभकारी योजनाओ को आप तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। आप सबके अपार प्रेम से एक बार फिर से केन्द्र मे भाजपा की सरकार बनने जा रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनहित मे जितने भी वादे किए है वो गारण्टी के साथ पूरे हो रहे है। सुशासन की सरकार बनाने मे आप सबका महत्वपूर्ण योगदान रहता है, आने वाले लोकसभा चुनाव मे आप सभी से आग्रह है कि पुनः एक बार मोदी जी के नेतृत्व मे भाजपा की सरकार बनाने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। विशिष्ठ अतिथि संजीव कुमार गोंड ने कहा कि जबसे देश मे भाजपा की सरकार बनी है सरकार द्वारा आम जनमानस के हित के लिए सैकडो योजनाएं चलाई जा रही है जिसका सीधा लाभ पंक्ति मे खडे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, इसलिए नरेन्द्र मोदी जी के उपर आम जनमानस का भरोसा व विश्वास बढ रहा है आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रचण्ड बहुमत के साथ मोदी जी पुनः देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने आगे की गतिविधियों को साझा करते हुए बताया कि एलईडी प्रचार वाहनों के माध्यम से क्षेत्र मे प्रचार अभियान व सभाओं के जरीए जनता से सुझाव एकत्रित किए जा रहे है, भाजपा कार्यकर्ता लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत घर घर जनसंपर्क कर रहे है और लोगो से सुझाव पत्र भी ले रहे है भारतीय जनता पार्टी हमेशा से जनजुड़ाव जनसंवाद और जनता से सतत् संपर्क पर विश्वास रखती है और इसलिए हमारा नारा है सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास व सबका विश्वास जिसके लिए जनता से संवाद आगे बढ़ाने और जनता के सुझाव एकत्रित करने के हर एक माध्यम को भाजपा ने इस अभियान मे शामिल किया है जिसके अंतर्गत कोहोर्ट मिलन घर घर जनसंपर्क प्रकोष्ठों के कार्यक्रम, नमो एप्प के माध्यम से अपने सुझाव आप सीधे प्रेषित कर सकते है आये हुए सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया। कार्यक्रम मे मुख्यरुप से लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल विधानसभा प्रभारी विद्याधर तिवारी, राजेन्द्र पटेल, मधुकर, संतोष खरवार, विधानसभा संयोजक शीतला आचार्य, उमेश सिंह, सोना बच्चा अग्रहरी, लोकसभा विस्तारक सागरमणी, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, रामसुन्दर निषाद, शारदा खरवार, मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष, प्रकोष्ठो के संयोजक व रिटायर्ड कर्मचारी, मजदूर, दिव्यांगजन आदि लोग मौजूद रहे।

सम्पादकीय

राजनीतिक सरगर्मियों और आम बजट की चर्चा के बीच लॉयड जॉर्ज और चर्चिल की बात

आज जब आम बजट के अंतरिम संस्करण की तैयारियां चल रही हैं, तब टाइम मशीन के भीतर जाकर यह देखना दिलचस्प होगा कि बजटों को जनोन्मुख बनाने के लिए कैसे-कैसे आंदोलन हुए और ब्रिटेन में लॉयड जॉर्ज के वित्तमंत्री बनते ही वहां किस तरह वित्तीय इतिहास का सबसे रोमांचक दौर शुरू हुआ, जिसने पूरी दुनिया के बजटों को नई राह दिखाई।इस साल बजट नहीं आएगा। मगर सरकार का हिसाब-किताब तो संसद में पेश होगा ही। लोकतंत्र में बजट सरकार का सबसे कीमती दस्तावेज तो होता है, लेकिन पश्चिम की दुनिया की इसकी सार्वजनिक छवि जरा ऐसी-वैसी ही है। बजटों को लेकर इतनी हिकारत इसलिए है कि इसके जरिये सरकारें चर-अचर चराचर अखिल विश्व में जो जहां है, उस पर टैक्स लगाती हैं और टैक्सों को भला कौन पसंद करेगा?बजट की प्रक्रिया इस बहस को साथ लेकर जन्मी थी कि आम बजट आम लोगों के लिए क्या ही होता है, बजट और इसके एलान तो खास लोगों के लिए होते हैं, तभी तो बजट याद नहीं रखे जाते थे। मगर आइए, उड़ान भरिए टाइम मशीन में हम आपको मिलवाएं एक ऐसे बजट से, जिसने बजटों की रवायत ही बदल दी। इसके बाद ही बजटों को कसौटी मिली, जिसकी रोशनी में इनके आम बजट होने की पैमाइश की जा सकती है। इस बार टाइम मशीन आपको एक तूफान के बीच ले जाएगी। ठहिरए, यह मौसमी तूफान नहीं है। यह ब्रिटेन की राजनीति का तूफान है, जो एक बजट से पैदा हुआ था। इसके बाद तो बर्तानवी संसद का काम करने का तरीका ही बदल गया।यात्रीगण कृपया ध्यान दें, आप टाइम मशीन में है और वक्त है बीसवीं सदी की शुरुआत का। आप दुनिया का इतिहास बदलने वाली सदी के पहले

वर्ष में हैं यानी साल 1900 में। जरा गौर से देखिए, ब्रिटेन की सियासत में कंजर्वेटिव और लिबरल पार्टी के बीच आपको एक नए दल की आहट सुनाई देगी। ट्रेड यूनियन और समाजवादी आंदोलनों की पृष्ठभूमि से ब्रिटेन में लेबर पार्टी का उदय होने लगा।इसी दौर में आपको ब्रिटेन की महिला अधिकारों की आवाजें सुनाई देंगी। यह 1901 का साल है, जब रानी विक्टोरिया परलोक सिधार गई हैं। किंग एडवर्ड सप्तम तख्तनशीं हैं। इसी दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने हरबर्ट हेनरी एक्विथ यानी एच एच एक्विथ। ब्रिटेन के लोग उन्हें प्यार से 'एच एच' या 'डबल एच' कहते थे। एक्विथ लिबरल पार्टी के नेता थे। एच एच के पिता यार्कशॉयर में कपड़े का कारखाना चलाते थे। वाकपटु और बौद्धिक क्षमता से संपन्न एक्विथ तेजी से राजनीति की सीढ़ियां चढ़े। ब्रिटेन के गृह मंत्री रहे और जिस वक्त आप ब्रिटेन में हैं यानी 1905 में तब एक्विथ देश के वित्त मंत्री थे। एक्विथ एक नए तरह की बजट परिपाटी लेकर आए। उन्होंने ब्रिटेन के ताकतवर अमीरों पर नया टैक्स लगा दिया। हाउस ऑफ लॉर्ड्स यानी ब्रिटेन का उच्च सदन खफा हो गया। 9 अब एच एच एक्विथ ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री थे। डेविड लॉयड जॉर्ज उनके वजीरे खजाना यानी वित्त मंत्री बने। लॉयड जॉर्ज को उनके चाचा ने पाला था, जो जूते सिलने का काम करते थे। वाकपटुता और बहस के लिए विख्यात जॉर्ज जब संसद में बोलते थे, तो उनके सामने कोई टिकता नहीं था। जॉर्ज बड़े दबंग थे और प्रधानमंत्री एक्विथ के लिए चुनौती भी। प्रधानमंत्री एच एच ने उनकी लोकप्रियता और क्षमताएं देखते हुए उन्हें वित्त मंत्री बनाया था। लॉयड जॉर्ज के वित्त मंत्री बनते ही ब्रिटेन के वित्तीय इतिहास का सबसे रोमांचक दौर शुरू होता है, जिसने पूरी दुनिया के बजटों को नई राह दिखा दी।

महिलाएं देश बनाती हैं, इसलिए जरूरी है आधी आबादी का आर्थिक सशक्तीकरण

देश की आधी आबादी यानी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने से न सिर्फ आर्थिक विकास, बल्कि सामाजिक बदलाव की भी जमीन तैयार होती है। उनके लिए वित्तीय अवसर पैदा करने से वह तो मजबूत होती ही हैं, परिवार के साथ-साथ देश भी मजबूत होता है।हाल के वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति ने महत्वपूर्ण गति पकड़ी है। वर्तमान में देश अपने 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के सपने की बुनियाद मजबूत कर रहा है, जल्द ही यह तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने वाला है और अंततः 2047 तक भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र बन जाएगा। लेकिन इस सपने को साकार करने के लिए जरूरी है कि हम अपनी आधी आबादी यानी महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व को स्वीकार करें खेल, व्यवसाय से लेकर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तक, यानी जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं ने साबित किया है कि भारत की प्रगति में उनका योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। उनकी पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए उनका वित्तीय सशक्तीकरण आवश्यक है, ताकि वे देश के विकास को प्रगतिशील और समावेशी बनाने में बदलाव की वाहक बन सकें। आज हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि महिला सशक्तीकरण महज एक नारा नहीं है, बल्कि इसे हासिल करने से विभिन्न आर्थिक-सामाजिक पहलुओं पर ठोस परिणाम सामने आते हैं। उदाहरण के लिए, श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाने से न केवल जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि होती है, बल्कि अर्थव्यवस्था मजबूत बनती है और समग्र कल्याण में सुधार होता है एक रिपोर्ट बताती है कि अधिकांश लैंगिक रूप से समान अर्थव्यवस्था वाले देशों

में लैंगिक रूप से असमान अर्थव्यवस्था वाले देशों की तुलना में औसत वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर 0.8 प्रतिशत अधिक है। विकास दर में यह अंतर 15 साल की अवधि में जीडीपी के अतिरिक्त 20 फीसदी के बराबर है। यहां तक कि मैकिंजे की एक रिपोर्ट भी इस बात पर प्रकाश डालती है कि महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने से 2025 तक भारत की जीडीपी 770 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकती है। इसलिए मजबूत आर्थिक विकास करने वाले भारत द्वारा श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उनका समर्थन करने से उसकी ताकत कई गुना बढ़ सकती है। इसे हासिल करने के लिए संगठनों को श्रमबल में विविधता लाने के महत्व और आवश्यकता को महसूस करने की जरूरत है। इसे सुनिश्चित करने से अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ सकती है और विविध विचारों और दृष्टिकोण वाली कंपनियों को लाभ भी हो सकता है। चूंकि महिलाएं कई भूमिकाएं निभाती हैं और व्यक्तिगत एवं पेशेवर स्तर पर विभिन्न तरह की जिम्मेदारियां संभालती हैं, इसलिए संगठनों को उन्हें काम एवं जीवन में बेहतर संतुलन बनाने में मदद करने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि वित्तीय विकास के लिए उन्हें अपने निजी जीवन का त्याग न करना पड़े। लचीली कार्य-व्यवस्था प्रदान करने, प्रगतिशील अवकाश नीति अपनाने, बाल-देखभाल सहायता सुनिश्चित करने एवं उन्हें अन्य सुविधाएं देने से इसे आसानी से हासिल किया जा सकता है। ये प्रयास महिलाओं की भलाई और उन्हें बेहतर रोजगार संतुष्टि प्रदान कर कार्य में सार्थक योगदान देने में सक्षम बना सकते हैं। नेतृत्व में विविधता लाने के लिए संगठन के भीतर वरिष्ठ भूमिकाओं में महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए अवसर भी पैदा करने होंगे सीखने की पहल, कोचिंग एवं सलाह के माध्यम से महिला प्रतिभाओं की पहचान करने औरउन्हें नेतृत्वकारी भूमिका की खातिर तैयार करने से वे अपने कॅरिअर को कुशलता एवं आत्मविश्वास के साथ बढ़ाने में सक्षम हो सकती हैं और बेहतर समस्या समाधान, तेजी से निर्णय लेने और विकास एवं सफलता के लिए समग्र सुधार में संगठनों का समर्थन कर सकती हैं इस समय देश के आर्थिक विकास ने एक लहर पैदा कर दी है, जिससे महिलाओं के वित्तीय विकास की संभावनाएं पैदा हो रही हैं। ऐसे में, उन्हें मौजूदा और उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार करने एवं समर्थन देने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, भारत फिलहाल एक मजबूत डिजिटल अर्थव्यवस्था में परिवर्तन का प्रयास कर रहा है। इससे महिलाओं के डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना आवश्यक हो गया है, ताकि वे अपनी आय, रोजगार की संभावनाएं बढ़ा सकें और ज्ञान हासिल करके समग्र विकास कर सकें। यह सुनिश्चित करने के लिए वंचित क्षेत्रों में इंटरनेट कवरेज का विस्तार करना, किफायती इंटरनेट कनेक्शन प्रदान करना, महिलाओं के लिए डिजिटल कौशल का समर्थन करना और डिजिटल संसाधनों तक पहुंच में सुधार करना जरूरी है, जो बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी बढ़ा सकता है और उन्हें सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में मदद कर सकता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने से सिर्फ आर्थिक विकास ही हासिल नहीं होता, बल्कि यह सामाजिक बदलाव लाने के लिए एक सशक्त साधन के रूप में भी काम करता है। उनके लिए वित्तीय अवसर पैदा करने और उन्हें आय के नियमित स्रोत से जोड़ने से न केवल उनकी व्यक्तिगत समृद्धि बढ़ती है, बल्कि वे अपने परिवार का सहयोग करने में भी सक्षम होती हैं। वित्तीय सशक्तीकरण से उनके जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। यह उन्हें अपने बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में और ज्यादा निवेश करने तथा भविष्य के लिए स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त पीढ़ियों के निर्माण में योगदान करने के लिए सशक्त बनाता है सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वित्तीय रूप से स्वतंत्र और सशक्त महिलाएं बदलाव का वाहक बनती हैं और समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणा का काम करती हैं। वे पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं एवं मानदंडों को चुनौती देने, पुरुषों की बराबरी करने, उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने और एक समावेशी समाज बनाने के लिए परिवार और समुदाय की अन्य महिलाओं के लिए रोल मॉडल के रूप में काम करती हैं। कुल मिलाकर, महिलाओं को स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें सशक्त बनाना जरूरी है, ताकि वे भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी ताकत के रूप में उभर सकें। भारतीय अर्थव्यवस्था में उनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए महिला सशक्तीकरण की चर्चा करना न केवल महत्वपूर्ण है, बल्कि जरूरी भी है। उन्हें जरूरी समर्थन, प्रोत्साहन और मान्यता देने से यह सुनिश्चित करना संभव होगा कि वे आगे बढ़ें और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालती रहें।

चीन की दोहरी मुश्किलों का क्या भारत उठा सकता है कोई लाभ, पर कठिन है राह

कई अर्थशास्त्री अब मानते हैं कि चीन बहुत धीमी वृद्धि के युग में प्रवेश कर रहा है, जो प्रतिकूल जनसांख्यिकी और अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ बढ़ते विवाद के कारण और भी बदतर हो गया है और जो उसके विदेशी निवेश व व्यापार को खतरे में डाल रहा है। भारत इस स्थिति का लाभ उठा सकता है।ताइवान में 13 जनवरी को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले, नए वर्ष के संबोधन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ताइवान को लेकर सख्त संदेश देते हुए कहा कि ताइवान को फिर से चीन के साथ एकीकृत किया जाएगा। इससे कुछ ही दिन पहले पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के संस्थापक माओ त्से तुंग के जन्म की 130वीं वर्षगांठ के अवसर पर भी शी जिनपिंग ने दावा किया था कि चीन के साथ ताइवान का पुनः एकीकरण अपरिहार्य है। यह ताइवान में होने वाले महत्वपूर्ण चुनाव से पहले बीजिंग के दीर्घकालिक रुख पर बल देता है।चीन 2.3 करोड़ की आबादी वाले स्व-शासित द्वीप ताइवान को अपने एक प्रांत के रूप में देखता है, जबकि ताइवान अपने संविधान और लोकतांत्रिक ढंग से चुने गए नेताओं के साथ खुद को चीनी मुख्य भूमि से अलग मानता है। उधर ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने अपने नए साल के संबोधन में कहा कि चीन के साथ ताइवान के संबंध 'ताइवान के लोगों की इच्छा' से तय होने चाहिए। उनकी सरकार ने बार-बार चेतावनी दी है कि बीजिंग चुनाव में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, जहां एक नया राष्ट्रपति और सरकार चुनी जाएगी।असल में शी जिनपिंग का यह रुख चीन की हताशा को भी दर्शाता है, जो उसकी दोहरी चुनौतियों से उभरी है। चीन के समक्ष दो तरह की चुनौतियां हैं- आर्थिक मोर्चे पर मंदी और पश्चिमी देशों की घेरेबंदी। हाल के समय में इन चुनौतियों ने चीन के सावधानीपूर्वक निर्मित भव्य आख्यान को प्रभावी ढंग से प्रभावित किया है, जो चीनी क्षेत्र के उदय को महिमामंडित करता है। हालांकि यह मात्र प्रचार नहीं था, क्योंकि 1978 के बाद चीन में औसत वास्तविक विकास दर नौ फीसदी से ज्यादा देखी गई और कुछ चरम वर्षों में इसकी अर्थव्यवस्था 13 फीसदी के ज्यादा के दर से बढ़ी। इस सफलता ने एक गरीब कृषि संस्कृति वाले चीन को औद्योगिक दिग्गज राष्ट्र में बदल दिया। हालांकि तेजी से बदलते घटनाक्रम में चीन की अजेयता अतीत की बात लगने लगी है। कोविड-19 महामारी के प्रति इसकी शून्य सहिष्णुता और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बढ़ते तानाशाही रवैये ने चौतरफा आलोचना बटोरी है।वर्ष 2023 के पहले तीन महीनों के मुकाबले दूसरी तिमाही में चीन की जीडीपी मात्र 0.8 फीसदी बढ़ी। चीन की अनुमानित वार्षिक विकास दर अब तीन फीसदी के करीब नजर आ रही है, जो पिछले तीन दशकों में सबसे कमजोर है। नए वर्ष की पूर्व संध्या पर जिनपिंग ने कहा कि कुछ उद्यमों (व्यवसायों) को कठिन समय का सामना करना पड़ा और कुछ लोगों को नौकरियां ढूंढने और बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मुश्किल हुई।

भूकम्प के खतरे के साए में हिमालयी लोग

जापान के लोग भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं के साथ जीना सीख चुके हैं, इसलिए वहां बड़े भूकम्प में भी जन और धन की बहुत कम हानि होती है। जबकि भारत में मध्यम परिमाण का भूकम्प भी भारी तबाही मचा देता है।हाल ही में जापान में आए विनाशकारी भूकम्प ने भारतीय हिमालय में बसे लोगों को भी डरा दिया है। डरना भी स्वाभाविक ही है, क्योंकि विश्व की सबसे युवा पर्वत श्रृंखला हिमालय भी भूगर्वीय हलचलों के कारण भूकम्प की दृष्टि से कोई कम संवेदनशील नहीं है। भूवैज्ञानिकों का यहां तक मानना है कि हिमालय के गर्भ में इतनी भूगर्वीय ऊर्जा जमा है कि अगर वह अचानक एक साथ बाहर निकल गई तो उसका विनाशकारी प्रभाव कई परमाणु बमों के विस्फोटों से भी अधिक हो सकता है।डराने वाली बात तो यह है कि राज्यों से जुड़ा है और इसकी साइस्मिक स्थिति इन्हीं राज्यों के समान है, इसलिए हम नेपाल की गिनती हिमालयी राज्यों से कर रहे हैं। हिमालयी राज्यों में भी सर्वाधिक 24 भूकम्प जम्मू-कश्मीर और लेह लद्दाख में दर्ज हुए हैं। इनमें भी सर्वाधिक 11 भूकम्पों का केन्द्र किस्तवाड़ रहा है। इनके अलावा उत्तराखण्ड में 6 और हिमाचल में 5 भूकम्प दर्ज हुए हैं। इसी तरह पूर्वोत्तर में ईस्ट और वेस्ट गारोहिल्स, मणिपुर, अरुणाचल, मीजोरम और नागालैंड में भूकम्पों की आवृत्ति दर्ज हुई है। नेपाल में 4 नवम्बर से लेकर 8 नवम्बर 2023 तक 2.8 से लेकर 5.6 परिमाण के 17 भूकम्प दर्ज किए गए। वहां एक ही दिन 4 नवम्बर को 2.8 से लेकर 3.7 परिमाण के 8 भूकम्प दर्ज किए गए।भारत की संपूर्ण अब तक का सबसे भयंकर भूकम्प था जिसके कारण 8,649 लोग मारे गए थे और 2,952 घायल हुए थे।भूकंप में निकलने वाली ऊर्जा मुख्य रूप से पृथ्वी की सतह के नीचे टेक्टोनिक प्लेटों की गति या हलचल से उत्पनन होती है। यह गतिविधि भारी मात्रा में ऊर्जा उत्पनन करती है। तुलना के लिए, परमाणु विस्फोट से निकलने वाली ऊर्जा, जैसे कि परमाणु बम विखंडन या संलयन प्रतिक्रियाओं के माध्यम से परमाणु ऊर्जा की तीव्र रिहाई से प्राप्त होती है। परमाणु विस्फोट भी शक्तिशाली होते हैं, लेकिन उनका ऊर्जा उत्पादन आमतौर पर किसी बड़े भूकंप की तुलना में बहुत कम होता है। अब तक सबसे शक्तिशाली परमाणु बम विस्फोट जार बॉम्बा का था जिससे उत्पनन बहरहाल भारतीय हिमालय क्षेत्र में जिस विनाशकारी भूकम्प की आशंका जताई जा रही है उसकी शक्ति कई परमाणु बमों से अधिक हाने का आशंका व्यक्त की गई है।भूकम्प जैसी प्राकृतिक घटनाओं को रोका तो नहीं जा सकता मगर प्रकृति के साथ रहना सीख कर बचाव अवश्य किया जा सकता है। दरअसल आदमी को भूकम्प नहीं बल्कि उसी के द्वारा अपनी सुरक्षा और आश्रय के लिए बनाया गया मकान मारता है। 30 सितंबर 1993 को महाराष्ट्र के लातूर क्षेत्र में 6.2 परिमाण का भूकंप आता है तो उसमें लगभग 10 हजार लोग मारे जाते हैं और 30 हजार से अधिक लोगों के घायल होने के साथ ही 1.4 लाख लोग बेघर हो जाते हैं। जबकि 28 मार्च 1999 को चमोली में लातूर से भी बडा 6.8 मैगनेट्यूट का भूकंप आता है तो उसमें केवल 103 लोगों

भूगर्वीय ऊर्जा या साइस्मिक एनर्जी न तो छोटे मोटे भूकम्पों से खाली या कम हो सकती है और ना ही सीमा से अधिक समय तक भूगर्व में जमा रह सकती है। भूगर्वीय चट्टानों के टकराव और घर्षण से यह ऊर्जा निरन्तर बढ़ती जाती है। चूंकि जापान के लोग भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं के साथ जीना सीख चुके हैं, इसलिए वहां बड़े भूकम्प में भी जन और धन की बहुत कम हानि होती है। जबकि भारत में मध्यम परिमाण का भूकम्प भी भारी तबाही मचा देता है। कारण प्रकृति के साथ सामंजस्य और जन जागरूकता की कमी है।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के भूकम्प के चार्ट पर नजर डालें तो 15 दिसम्बर 2023 से लेकर 1 जनवरी 2024 की 15 दिन की अवधि में भारत में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक रिक्टर पैमाने पर 1.8 से लेकर 6 परिमाण तक के कुल 74 भूकम्प दर्ज हैं, और इनमें से सर्वाधिक 64 भूकम्प नेपाल और हिमालयी राज्यों में आए हैं। क्योंकि नेपाल उत्तराखण्ड जैसे हिमालयी हिमालयी बेल्ट 8.0 से अधिक तीव्रता वाले बड़े भूकंपों के लिए अतिसंवेदनशील मानी जाती है। इसका मुख्य कारण भारतीय प्लेट का यूरेशियन प्लेट की ओर लगभग 50 मिमी प्रति वर्ष की दर से खिसकना है। हिमालय क्षेत्र और सिंधु-गंगा के मैदानों के अलावा, यहां तक कि प्रायद्वीपीय भारत में भी विनाशकारी भूकंपों का खतरा है। देश के वर्तमान भूकंपीय जोनेशन मैप के अनुसार भारतीय भूभाग का 59 प्रतिशत हिस्सा सामान्य से बहुत बड़े भूकम्पों के खतरे की जद में हैं।भारत में भी संपूर्ण हिमालय क्षेत्र को रिक्टर पैमाने पर 8.0 अंक की तीव्रता वाले बड़े भूकंपों के प्रति प्रवृति माना गया है। इस क्षेत्र में सन् 1897 शिलांग (तीव्रता 8.7), 1905 में कांगड़ा (तीव्रता 8.0), 1934 बिहार-नेपाल (तीव्रता 8.3) और 1950 असम-तिब्बत (तीव्रता 8.6) के बड़े भूकम्प आ चुके हैं। नेपाल में 25 अप्रैल 2015 का 8.1 परिमाण का अनुमानित ऊर्जा लगभग 50 मेगाटन टीएनटी (समतुल्य ऊर्जा) मानी गई थी। इसके विपरीत, अब तक दर्ज किए गए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से कुछ ने हजारों परमाणु बमों के बराबर ऊर्जा जारी की है।उदाहरण के लिए 1960 में चिली में वाल्डिविया भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 9.5 थी और इससे हजारों परमाणु बमों के बराबर अनुमानित ऊर्जा निकली थी। भूवैज्ञनिकों के अनुसार भूकम्प की 1.0 की तीव्रता में वृद्धि के साथ भूकंप द्वारा जारी ऊर्जा लगभग 31 गुना बढ़ जाती है। जैसे 8.0 तीव्रता का भूकंप 7.0 तीव्रता के भूकंप द्वारा रिलीज ऊर्जा का लगभग 31 गुना बढ़ जाती है। 6.0 तीव्रता के भूकंप की तीव्रता की कोई ऊपरी या निचली सीमा नहीं है। दरअसल, बहुत छोटे भूकंप की तीव्रता एक ऋणात्मक संख्या भी हो सकती है। आमतौर पर 5.0 से अधिक तीव्रता वाले भूकंपों के कारण जमीन में इतनी तेज गति होती है कि संरचनाओं को काफी नुकसान हो सकता है। की जानें जाती हैं और 50 हजार मकान क्षति ग्रस्त होते हैं। इसी तरह 20 अक्टूबर 1991 के उत्तरकाशी के 6.6 परिमाण के भूकंप में 786 लोग मारे जाते हैं और 42 हजार मकान क्षतिग्रस्त होते हैं। जबकि 26 जनवरी 2001 को गुजरात के भुज में रिक्टर पैमान पर 7.7 परिमाण का भूकंप आता है तो उसमें कम से कम 20 हजार लोग मारे जाते हैं और 1.67 लाख लोग घायल हो जाते हैं। लातूर और भुज में हुई तबाही घनी आबादी और विशालकाय इमारतों के कारण हुई जिनमें भूकम्परोधी व्यवस्था नहीं थी। इसलिए जरूरी है कि लोगों को सवाधान करने के साथ ही भूकम्प के प्रति जागरूक किया जाय ताकि वे अपना बचाव स्वयं कर सकें।डिस्क्लेमर (अस्वीकरण): यह लेखक के निजी विचार हैं। आलेख में शामिल सूचना और तथ्यों की सटीकता, संपूर्णता के लिए अमर उजाला उत्तरदाई नहीं है। अपने विचार हमें पर भेज सकते हैं।

कुछ लोग खुश हैं, लेकिन अब भी आर्थिक वृद्धि के लाभ से वंचित है बड़ी आबादी

पिछले दिनों मैंने कई लेख पढ़े कि हर आदमी खुश है, क्योंकि देश में अभूतपूर्व आर्थिक विकास हुआ है। मैं नहीं कहता कि आर्थिक वृद्धि नहीं हुई है, पर यह वृद्धि अभूतपूर्व नहीं है और इसका लाभ भी बड़ी आबादी को नहीं मिल पाया है।वर्ष 2024 का पहला कॉलम होने के कारण सबसे पहले मैं नए साल की शुभकामनाएं व्यक्त करता हूं। खुशी दरअसल विभिनन्न चीजों का मिश्रण है। इस देश के अलग-अलग हिस्सों को मिलाकर लगभग 142 करोड़ लोग रहते हैं और मेरी चिंता यह है कि इनमें से कितने लोग सुखी हैं और कितने लोग सुखी नहीं हैं। पिछले दिनों मैंने कई लेख पढ़े, जो सरकार के इस दावे को मजबूती प्रदान करती थी कि हर आदमी खुश है। उन लेखकों का दावा है कि लोग खुश इसलिए हैं, क्योंकि देश में अभूतपूर्व आर्थिक विकास हुआ है, जिसका लाभ हर क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। मैं यह नहीं कहता कि आर्थिक वृद्धि नहीं हुई है, लेकिन निश्चित तौर पर यह वृद्धि अभूतपूर्व नहीं है।आर्थिक वृद्धि का सुनहरा दौर तो पूर्ववर्ती यूपीए सरकार में 2005 से 2008 की तीन वर्षों की वह अवधि में था, जब अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर क्रमशः 9.5, 9.6 और 9.3 फीसदी सालाना थी। जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री काल के पिछले नौ वर्षों में औसत वृद्धि दर 5.7 प्रतिशत रही है। अगर मौजूदा वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की अनुमानित वृद्धि दर को भी इसमें जोड़ लें, तो औसत वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत होगी। यह वृद्धि दर न तो अभूतपूर्व है और न ही शानदार। यह संतोषजनक वृद्धि दर है, लेकिन न तो सुदूरप्रसारी है और न ही पर्याप्त।सरकार की आर्थिक नीति प्रत्यक्ष करों को कम रखने, अप्रत्यक्ष करों को ज्यादा व दबाव भरा बनाए रखने तथा वर्चस्ववादी उपायों का मिला-जुला स्वरूप है। सड़क, रेलवे, बंदरगाह और हवाई अड्डे जैसे ढांचागत क्षेत्रों में पूंजी निवेश ज्यादा है, जबकि शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा में आवंटन कम है, और महिला विकास जैसे कुछ क्षेत्रों में सब्सिडी की सुविधा है। ऐसे में, संतोषजनक वृद्धि दर ने समाज के कुछ क्षेत्रों को खुश किया है। मैं इन संतुष्ट क्षेत्रों के बारे में बता सकता हूं। ये हैं : बड़े और मध्यम आकार के कॉरपोरेट्स, मोटी आय वाले लोग, बैंकर्स, शेयर बाजार के निवेशक, व्यापारी और दलाल, नीलामी की वस्तुएं खरीदने वाले, सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल्स, बड़े व्यापारी और जज, चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर तथा वकील, कॉलेज और विश्वविद्यालयों के शिक्षक, सरकारी कर्मचारी, धनी किसान और साहूकार।इस तस्वीर का स्याह पक्ष यह है कि इसमें कई क्षेत्रों के लोग पीछे छूट गए हैं-कुछ क्षेत्रों के लोग तो गिनती में ही नहीं हैं-और ऐसे तमाम क्षेत्रों को मिला दिया जाए, तो यह बहुत बड़ी आबादी है। इनमें वे 82 करोड़ भारतीय हैं, जिन्हें हर महीने प्रति व्यक्ति पांच किलोग्राम मुफ्त राशन मिलता है। मुफ्त राशन योजना कोई गर्व की चीज नहीं है, जिससे देश की आर्थिक उननति या समृद्धि मापी जा सके। मुफ्त राशन योजना दरअसल दूर-दूर तक व्याप्त कुपोषण और कुछ जगहों पर जनता में व्याप्त भूख के से भी एक तिहाई (यानी 8.9 करोड़) और कुल सक्रिय कामगारों का आठवां हिस्सा (यानी 1.8 करोड़) आधार केंद्रित भुगतान व्यवस्था लागू होने के कारण मनरेगा के तहत काम करने में असमर्थ हैं। मनरेगा की मदद छिन जाने से इतने सारे परिवारों के इतने लोग किस तरह अपना गुजर-बसर कर रहे हैं? इन लोगों के लिए जीवन

बारे में ही बताती है। देश के आधे परिवार चावल या गेहूं खरीद सकने में समर्थ क्यों नहीं हैं? इसका जवाब है कम आय या बेरोजगारी।सरकार के पास इन दो ज्वलंत मुद्दों का हल निकालने की कोई नीति नहीं है। परिवारों की कम आय का हल निकालने के लिए मनरेगा जैसी एक योजना है। लेकिन इस योजना के प्रति इस सरकार की उपेक्षा बिल्कुल शुरुआत से ही स्पष्ट है। अप्रैल, 2022 से सरकार ने मनरेगा में पंजीकृत कामगारों की सूची से 7.6 करोड़ नाम हटा दिए हैं। मानो यही काफी न हो, पंजीकृत कामगारों में यापन बेहद कठिन है, लिहाजा खुशहाल तो ये कतई नहीं हैं।देश में एक और बड़ी आबादी खुश नहीं है। ये वे लोग हैं, जिनके पास कोई रोजगार नहीं है। सरकार अब रोजगार सृजन की बात नहीं करती। उसका मानना है कि स्व रोजगार में हो रही वृद्धि की बात कहकर वह लोगों को भुलावा दे सकती है। जिस देश में बच्चे सात से आठ साल तक स्कूलों में, और वह भी बगैर किसी कौशल प्रशिक्षण के गुजारते हैं, उस देश में स्वरोजगार का एक अर्थ बेरोजगारी भी है। जो स्त्री-पुरुष स्वरोजगार में हैं।

आर्य समाज की प्रेरणा से कई सुधार हुए-पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नोएडा । नई दिल्ली केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में आर्य समाज के संस्थापक,महान समाज सुधारक

महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200 वीं दशमी पर 11 कुण्डीय महायज्ञ डा.जयेन्द्र आचार्य के ब्रह्मत्व में सांसद प्रवेश वर्मा के निवास 20,विंडसर पैलेस,जनपथ में संपनन हुआ। दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने कहा कि आर्य समाज से प्रेरणा पाकर समाज में अनेकों सुधार हुए।आज इस अभियान को और तीव्र गति से चलाने की आवश्यकता हैछन्होंने स्वदेशी और हिन्दी भाषा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। सांसद प्रवेश वर्मा ने स्वामी दयानन्द के आदर्शों को जीवन में धारण करने की अपील की केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आज शिक्षा का किताबी ज्ञान तो बढ़ रहा है लेकिन पाखंड अन्धविश्वास भी बढ़ रहे हैं जिसे आर्य समाज ने जागरूकता अभियान से ठीक करना है। कुरुक्षेत्र से पधारे स्वामी संपूर्णा नन्द ने कहा कि आज भारत देश प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों सुरक्षित है।देश विदेश में ख्याति फैल रही है। वैदिक विद्वान डा जयेंद्र आचार्य ने कहा कि महर्षि दयानंद जी के नारी जाति पर असंख्य उपकार हैं,उन्होंने समाज सुधार,नारी शिक्षा व वेदों को पढ़ने पढ़ाने पर बल दिया।बाल विवाह को निषेध किया व सती प्रथा को भी अनुचित ठहराया।उन्होंने विधवा विवाह का समर्थन किया।स्वामी जी का मानना था कि नर नारी सब एक समान हैं सबको यज्ञ करने का समान अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता संध्या बजाज ने कहा कि नारी अब अबला नहीं सबला है और हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। साध्वी उत्तमायती ने अपनी बेटियों को बहादुर, स्वालम्बी, शिक्षित करने का आह्वान किया, उन्हें ऐसा मजबूत बनाये जिससे वह जिंदगी के रणक्षेत्र में अपने भाग्य निर्माता स्वयं बन सके। साहित्यकार एवं लेखक आचार्य रवि देव गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि स्वामी दयानन्द सरस्वती के मानस पुत्र स्वामी श्रद्धानंद को हम इसलिए याद करते हैं क्योंकि उन्होंने स्वामी दयानन्द के स्वपनें को साकार किया था।आज हमें मक्खन की तरह दूध में घुल कर रहना है और यह सब गुरुकुल परम्परा से होगा।इसी से भारत विश्वगुरू होगा। आचार्य संजीव रूप जी बदायूं व पिंकी आर्य के मधुर भजन हुए घ् प्रमुख रूप से आचार्य महेन्द्र भाई, यशोवीर आर्य,देवेन्द्र भगत, प्रवीण आर्य, रामकुमार आर्य, ओम सपरा, राजेश मेहंदीरता , आचार्य गवेन्द्र शास्त्री,पार्षद यशपाल आर्य ने भी अपने विचार रखे। समारोह में मुख्य रूप से सर्वश्री डा. प्रमोद सक्सैना,कैप्टन अशोक गुलाटी,राज कुमार भण्डारी,कुसुम भंडारी,प्रेम सचदेवा,अनिता रेलन, प्रकाशवीर शास्त्री, रोहित आर्य, स्वदेश शर्मा, वेद प्रकाश आर्य, सोनिया संजू, सुशील बाली, वरुण कथूरिया,गंगा शरण आर्य, कृष्णा पाहुजा,माया राम शास्त्री आदि उपस्थित थे ।

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध मे राष्ट्रपति को लिखा ज्ञापन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नोएडा । महिला संगठनों की समन्वय समिति द्वारा जिलाधिकारी को उनके सूरजपुर स्थित कार्यालय में ज्ञापन सौपा गया जिसमे पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में चल रहे अत्याचार के खिलाफ महिलाओं ने पुरजोर तरीके से आवाज उठाया। समन्वय समिति की संयोजिका इंद्राणी मुखर्जी ने कहा इन घटनाओं को देखकर ऐसा प्रतीत होता है जैसे अनगिनत रतनें को जन्म देनेवाली पश्चिम बंगाल की धरती आज आजादी के 76 वर्ष बाद भी स्वतंत्र नहीं हुई है। वहां के लोगो के आजादी की लड़ाई अब भी बाकी है। महिला समन्वय बौद्धिक प्रमुख अनीता जोशी ने कहा हम पूरे देश की महिलाएं पश्चिम बंगाल के बहनों के साथ खड़े हैं और हमारी मांग है कि उनके साथ कुछ इस प्रकार न्याय किया जाए कि शहजाद शेख जैसा कोई दूसरा पनप न सके । इस अवसर पर विभाग समन्वय टोली से रश्मि सोलंकी, स्मृति राय, शारदा चतुर्वेदी, अर्चना त्यागी, प्रियंका सिंह, राजश्री गुप्ता आदि बहनों की उपस्थिति रही ।

छात्राओ ने लगाया विज्ञान प्रदर्शनी तथा विज्ञान सेमिनार का आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

सोनभद्र। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सोनभद्र में डीएलएड प्रशिक्षण द्वारा गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन डायट प्राचार्य प्रकाश सिंह द्वारा किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य विषय समाज के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी था। जिसका विषय स्वास्थ्य पर्यावरण एक जीवन शैली कृषि परिवहन संचार तथा कंप्यूटेशनल सोच विषय पर मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया। जनपद के विज्ञान आरपी के निर्णायक मंडल बनाकर मूल्यांकन कराया गया तथा प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षकों को पुरस्कृत किया गया।डायट में एक दिवसीय विज्ञान सेमिनार सतत जीवन के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित किया गया। मुख्य वक्त हरि ओम वर्मा

असिस्टेंट प्रोफेसर तथा इंद्रजीत कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक राजेश मौर्य प्रवक्ता डायट द्वारा रोगों से सुरक्षा कैसे किया जाए, इस विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, नीरज शर्मा, शबनम, रिचा ओझा, शंकर सिंह आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में जनपद के विज्ञान आरपी और रावटसगंज ब्लॉक के बीच विज्ञान शिक्षक तथा डीएलएड प्रशिक्षण प्रतिभाग किया।

नारी शक्ति वंदन वाइक रैली का आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नोएडा । भाजपा द्वारा नारी शक्ति वंदन संपर्क अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह बाइक रैली डीएम चौराहे से होते हुए सब मॉल, सेक्टर -27 पर समाप्त हुई । इस बाइक रैली को महिला मोर्चा द्वारा आयोजित किया गया जहां महिलाओं ने पूरे ज़ोर शोर से हिस्सा लिया। श्रीमती बिमला बाथम इस बाइक रैली में मुख्य अथिति के रूप में रही और उन्होंने अबकी बार 400 पार के उद्घोष से इस रैली को शुरू किया गया। इस बाइक रैली के द्वारा महिलाओं द्वारा नारी शक्ति का संदेश देते हुए, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा महिलाओं के सम्मान में किए गए कार्यों को जनता तक पहुँचाने का कार्य भी किया गया । बिमला बाथम ने कहा कि इस रैली के द्वारा हमारा उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाकर एक समृद्ध समाज का निर्माण करना है। महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, समृद्धि और सशक्तिकरण और महिलाओं के कौशल के लिए हमारी सरकार समर्पित है। महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शारदा चतुर्वेदी सहित महिला मोर्चा प्रभारी कुमुद शर्मा, परदेश सोशल मीडिया प्रभारी सुचित्रा पाठक कक्कड, गीरिजा सिंह, शिवानी शरद, ऊषा किशोर, साइमा चौधरी, आशा पोद्दार, पूनम सिंह, ज्योती सक्सेना, प्रज्ञा पाठक, राजश्री गुप्ता, रेनु शर्मा, नीता बाजपेई, रेखा सिंह, खुशबू चौहान, पुष्पा भट्ट,शारदा सिंघल, मंजू शर्मा, ममता तिवारी आदि महिलाएँ मौजूद रही ।

पटवध बसकटवां-कुरुहुल सम्पर्क मार्ग में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

गुरमा,सोनभद्र। विकास खण्ड के चोपन के पटवध बसकटवां-कुरूहुल सम्पर्क मार्ग का निर्माण के महज पन्द्रह सुबह मे ग्रामीणो ने नारेबाजी कर प्रर्दशन किया,स्थानीय युवा नेता आशुतोष गुप्ता का कहना है कि जल्द आरसीसी रोड एवं रोड के दोनों पटरी में कवर्ड नाली

दिनों के बाद उखड़ कर जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो जाने से मार्ग की हालत दयनीय हो गयीं है। इससे ग्रामीण,राहगीर और वाहन चालक काफी परेशान है, और जगह-जगह गड्ढे लोगों के लिए मुसीबत बन रहीं है, कई बार तो इस सड़क पर दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो जाते है, और कई बार तो उनकी जान पर बन आती है मजे की बात यह है कि मार्ग का निर्माण महज़ दो सप्ताह पूर्व हुआ है। इससे खफा लोगों ने आंशिक रूप से मंगलवार की निर्माण कार्य सही तरीके से एक माह के भीतर नहीं हुआ तो हम सब मिलकर बड़े पैमाने पर जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सम्पुर्ण जिम्मेदारी संबंधित लोक निर्माण विभाग की होगी। प्रदर्शन एवं सड़क जाम करने वालों में प्रमुख रूप से अमरजीत सिंह, अदलगंज के ग्राम प्रधान अशोक मौर्या, कमलेश मौर्या, शशीकांत मौर्या, शिव मूरत गुप्ता, संजय तिवारी, रामबली गोंड, रामबिलाश? साहनीआदि सैकड़ों कि संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

डॉ महेश शर्मा को पुनः टिकट मिलने पर हुआ जोरदार स्वागत

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नोएडा । नोएडा भारतीय जनता पार्टी 2024 लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा का भव्य स्वागत सम्मान समारोह

कार्यक्रम लोकसभा चुनाव संचालन समिति के द्वारा दादरी विधानसभा नोएडा जेवर सिकंदराबाद खुर्जा विधानसभा के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा जी का भव्य स्वागत कार्यक्रम भाजपा जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की कार्यक्रव का संचालन लोकसभा संचालन समिति संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष प्रणीत भाटी जी ने किया भाजपा गौतमबुधनगर लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा जी ने कहा कि में सभी पार्टी कार्यकर्ताओं वरिष्ठ जनों का स्वागत आभार वियक्त करता हूँ पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के बल और देव तुल्य जनता के विश्वास पर एक बार फिर देश में मान्य नरेन्द्र मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनायेंगे उसके लिये घर घर से प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष पनन प्रमुख पार्टी की रीतिनीति सरकार के किये गये विकास कार्यों के पत्रको को देकर भाजपा को विजयी बनाने के लिये कार्य करेंगे और उन्होंने कहा कि गौतमबुधनगर लोकसभा में 50 हज़ार करोड़ से अधिक जैसे ऐतिहासिक नोएडा एयरपोर्ट खुर्जा में पावर प्लांट नोएडा एयरपोर्ट से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा एमएलसी श्री श्रीचंद शर्मा जी ने कहा कि अबकी बार फिर तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री और अपने लोकप्रिय सांसद भी तीसरी बार देश की टॉप 3 बड़ी जीत दर्ज करायेंगे दादरी विधायक श्री तेजपाल नागर जी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा जी लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक बड़ी जीत करे उसके लिये हमे बूथ तंत्र पर विजय करना होगा उसके लिए बूथ पर मीटिंग कर प्रचार प्सार करें खुर्जा विधायक श्री लक्ष्मीसिंह जी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अमित चौधरी जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता जी ने कहा हम सब कार्यकर्ता एक महीने डेढ़ महीने तक इस चुनावी समर में बैठक करें इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी पूर्व विधायक खुर्जा बिजेंद्र खटिक पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी लोकसभा प्रभारी अनिल शिसोदिया प्रणीत भाटी दादरी नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित मीनाक्षी सिंह जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज मनोज गर्ग धर्मेंद्र कोरी मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य पूर्व जिलाध्यक्ष रक्मसिंह भाटी शिवओम शर्मा पवन रावल पिछड़ा आयोग सदस्य बिजेंद्र भाटी देवा भाटी सुनील भाटी पवन नागर राहुल पंडित सत्यपाल शर्मा रिंकु भाटी रवि जिंदल मनोज प्रधान सुनील शर्मा गणेश जाटव मनोज भाटी आदि हजारों कार्यकर्ता ने भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा जी के स्वागत समारोह कार्यक्रम में भाग लिया।

स्वास्थ्य जागरूकता का सन्देश लेकर मिर्ज़ापुर पहुंची साइकिल यात्रा

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

भदोही । मिर्ज़ापुर चेयरमैन श्याम सुंदर केशरी ने चलाई साइकिल, दिया स्वस्थ रहने का सन्देश सभी को जागरूक करना हमारा लक्ष्य - अताउल अंसारी - अध्यक्ष भदोही साइकिलिंग क्लब भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में अताउल अंसारी की अध्यक्षता में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक सप्ताह की तरह आज भी सुबह भोर में गोपीगंज बड़ा चौराहा से एक साइकिलिंग यात्रा मिर्ज़ापुर जनपद के लिए निकाली गयी । तड़के भोर में सुबह 5:00 बजे सभी साइकिल चालक गोपीगंज बड़ा चौराहा पर पहुँच गए । साइकिल यात्रा आरंभ होकर कालीदेवी, ककराही, गोपपुर, जगननथपुर, डोमनपुर, नरउर होते हुए मिर्ज़ापुर जनपद में प्रवेश करके हनुमान नगर, चेतगंज, पखवइया, तिलठी, श्री पट्टी, मवैया, चिल्ह, इमामबाड़ा, पक्के घाट होते हुए घंटाघर पहुंची । वहां पहुँचने पर मिर्ज़ापुर शहर के चेयरमैन श्याम सुन्दर केशरी अपनों समर्थकों के साथ सभी का स्वागत किया और कहा कि स्वस्थ रहना है तो सभी को सुबह उठना ही होगा । पहले पारंपरिक आवागमन का साधन साइकिल हुआ करता था । सभी लोग आस पास के काम साइकिल से करते थे जिससे उनके शरीर का एक व्यायाम होते था और वे निरोग रहते थे । सभी मिर्ज़ापुर निवासियों से निवेदन है कि आस पास के काम साइकिल से करे जिससे उनका आर्थिक लाभ हो, प्रदुषण कम हो और वो स्वस्थ भी रहे । चेयरमैन ने साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए ।साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर घंटाघर, वासलीगंज चौराहा का भ्रमण करते हुए हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को सुबह उठने, योग, व्यायाम करने, साइकिल चलाने के फ़ायदे के बारे में जागरूक करते हुए तरकापुर संकट मोचन मंदिर के सामने इसका समापन हुआ ।बताते चले की पुरेगुलाब गोपीगंज निवासी अताउल अंसारी की अध्यक्षता में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक सप्ताह पिछले दो वर्ष से साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। इस क्रम में पूर्व में ये साइकिल यात्रा कई प्रदेश में पहुचकर लोगो को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं और अब इनके इस मुहिम में जिले के कई चिकित्सक, अधिकारी, अधिवक्ता, अध्यापक, युवा, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित होकर स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रत्येक सप्ताह को साइकिल यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं । साइकिल यात्रा में अताउल अंसारी, विपिन राय, प्रवीण सिंह टंडन, नन्द किशोर, चक्रवीर सिंह, अरुण केशरी, जगदीश यादव, शक्ति राठौर, अजहर जमाल, डॉ0 अशरफ अली, महेंद्र यादव आदि रहे ।

मूल्य वृद्धि नियंत्रण के लिये निर्धारित दर पर बाजार में चावल की गाड़ियों को उप निदेशक खाद्य ने किया रवाना

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

मीरजापुर। 04 मार्च 2024- भारत सरकार द्वारा रियाती दर सरकार से रसोई तक एन0सी0सी0एफ0 द्वारा

10-10 के किलो के पैकेट के भरे 04 गाड़ियो को विक्रय केन्द्र व रवाना किया गया। उप निदेशक खाद्य एवं रसद, डिप्टी आर0एम0ओ0 धनंजय सिंह एवं ए0आर0 कोआपरेटिव सहकारिता व मां अनन्पूर्णा प्राइवेट लिमिटेड राइस मिल के प्रोपराइटर पप्पू तिवारी के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उप निदेशक खाद्य एवं रसद ने जानकारी देते हुये बताया कि इसका उद्देश्य है कि जन-जन तक सस्ते दर अन्न योजना का लाभ मिले उसी के मूल्य वृद्धि नियंत्रण करने के उद्देश्य यह योजना लागू किया गया है, आज 10-10 किलो का पैकेट की चार गाड़ियां विक्रय केन्द्रो के लिये रवाना की गयी है जो 29 रूपया प्रति किलो दर निर्धारित किया गया है। संचालित मोबाइल वैन एवं विक्रय केन्द्रो पर चावल के मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण रखने के दृष्टिकोण से चलायी गयी योजना के तहत आज मां अनन्पूर्णा राइस मिल से चावल के

इनर व्हील क्लब की बार्षिक बैठक में व्हीलचेयर भेंट किया गया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नोएडा । नोएडा इनर व्हील क्लब नोएडा

की वार्षिक बैठक नोएडा सेक्टर 26 स्थित क्लब में हुई जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ उर्वशी मित्तल, क्लब की अध्यक्षा डॉ रितु ढिल्लन, क्लब एडवाइजर आशा वालिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा मिस वर्ल्ड व्हील चेयर 2015 प्रिया भार्गव, गोनिका लूथरा, रूपाली वर्मा और अचला आर्य को सम्मानित किया गया और साथ ही सेतु स्पेशल चाइल्ड स्कूल को कुछ व्हीलचेयर भी भेंट के रूप में दी और साथ ही क्लब की मैगजीन - विजन का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में बी एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने महिला सशक्तिकरण पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया। बैठक के दौरान पिछले एक वर्ष में संस्था द्वारा एनिमल वेलफेयर के कार्यों, महिला सशक्तिकरण पर उठाए गए कदम, जीरो वेस्ट से बेंच बनवाने, शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षित करने, नोएडा के विभिनन सेक्टर में रोड सेफ्टी कन्वेक्स मिरर लगवाने जैसे किए गए कार्यों पर चर्चा की जिसकी सभी ने सराहना भी की। डॉ रितु ढिल्लन ने कहा की आज जब एक सशक्त महिला समाज को सशक्त करने को आगे बढ़ती है इसका मतलब मेरा देश उननति की ओर अग्रसर है। हमे गर्व है की हम बदलते भारत के साक्षी है। इस अवसर पर अनिता पांडे, सुमिता दास, अंजली बिंद्रा, रीता सिंह, डॉ निधि शर्मा, रुचिका जैन, मीनाक्षी नरूला आदि मौजूद रहे।

प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय में माना वार्षिक उत्सव बच्चों ने किया नित्या

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

सोनभद्र । जिला बेसिक शिक्षा विभाग के राबर्ट्सगंज विकासखंड अंतर्गत

प्राथमिक विद्यालय बुडहरकला एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बुडहरकला द्वारा संयुक्त रूप से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय बुडहरकला के प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की मंडल उपाध्यक्ष एवं राबर्ट्सगंज विकासखंड की अकादमिक रिसोर्स पर्सन आशा भारती ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । ज्ञान का दीप जलाएंगे सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर बच्चों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । मेरी मां के बराबर कोई नहीं के मंचन ने आगंतुकों को भाव विभोर किया तो वहीं टन टन घंटी बाजे गीत पर नृत्य के माध्यम से बच्चों ने स्कूल नियमित जाने का संदेश प्रस्तुत किया । स्कूली बच्चों ने देशभक्ति लगी तेरे संग प्रीत मेरे शंकरा ने लोगों को भक्ति भाव से भर दिया । बच्चों द्वारा देशभक्ति , नशा मुक्ति , होली गीत , पर्यावरण सुरक्षा आदि से संबंधित विभिनन रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया । कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि आशा भारती ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि आज हमारे परिषद के बच्चे निश्चित ही ज्ञान का दीप जलाने का कार्य कर रहे है उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की मंशा परिषद के बच्चों में बदलाव लाने की है और हमारे शिक्षक इस मंशा पर पूरी तरह खरे उतर रहे है। भारती ने कहा कि आज परिषद के विद्यालय उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण सामग्री , पुस्तकालय , खेल सामग्री , इंटरनेट लैपटॉप के साथ ट्रेंड शिक्षक युक्त है उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को परिषदीय विद्यालय में नामांकन करने की अपील किया । विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान संगम पासवान ने शिक्षकों और बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का कायाकल्प हो चुका है धन् अभाव के कारण विद्यालय का बाउंड्री वाल का काम प्रभावित है जिसे जल्द ही पूरा किया जा सकेगा । प्राथमिक विद्यालय बुडहरकला की प्रधानाध्यापक रश्मि सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज परिषद के बच्चों की पढ़ाई में निखार आ रहा है । उच्च प्राथमिक विद्यालय बुडहरकला की प्रभारी प्रधानाध्यापिका पूनम सिंह ने कहा कि हमारे विद्यालय निपुणता की तरफ अग्रसर है अभिभावक अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें । कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने बच्चों को ?1000 पुरस्कृत धनराशि के साथ निपुण लक्ष्य प्राप्त बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किया।कार्यक्रम का संचालन विनष श्रीवास्तव ने किया । इस दौरान सहायक अध्यापिका ज्योति पाठक , गुंजा , अंतिमा अध्यापिका समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

समस्याओं एवं ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों ने बीआरसी पे किया प्रदर्शन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

घोरावल। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय नेतृत्व के बैनर तले सभी विकास खंडों मे बीईओ कार्यालय पर सैकड़ों शिक्षको ने अपनी मांगो के समर्थन एवं अपने खिलाफ हो रहे शोषण के विरुद्ध खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने हुंकार भरते हुए कहा कि शिक्षकों से शिक्षण कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्य कराये जा रहे है, जो शिक्षक का कार्य नही है विभाग द्वारा शिक्षको पर अनावश्यक गैर शैक्षणिक कार्य जबरन थोपा जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर ने कहा कि शिक्षको की समस्याओं को सुलझाने के बजाय सरकार और सरकार के रहनुमा शिक्षकों को प्रयोगशाला समझ लिए हैं।

नारी शक्ति वंदन सम्पन्न अभियान के तहत हुआ मैराथन दौड़

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नोएडा । नोएडा में आज सुबह गजब का नाजारा देखने को मिला जब भाजपा से जुड़ी नारी शक्ति सडक पर उतरीं और उन्होंने दौड़ लगाई। महिलाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में भाजपा के नेता इस कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे। मौका था नारी शक्ति वंदन सम्पनन अभियान के तहत मैराथन दौड़ का। नारी शक्ति वंदन संपर्क अभियान के तहत आज भाजपा महिला मोर्चा ने मैराथन दौड़ का आयोजन किया। सैकड़ों की संख्या में भाजपा नेत्रियों ने सेक्टर-27 सब मॉल से लेकर सेक्टर-18 तक दौड़ लगाई। इस मैराथन दौड़ की थीम थी एक दौड़ राष्ट्र के नाम, एक दौड़ मोदी के नाम। कार्यक्रम के संयोजक तथा भाजपा के जिला महामंत्री उमेश त्यागी व गणेश जाटव ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। उन्होंने बताया कि कल बाइक रैली भी निकाली जाएगी। इस मौके पर मोर्चा अध्यक्ष उमेश यादव, महेश अवाना, युद्धवीर चौहान, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, महामंत्री शिवानी शरद, मीडिया प्रभारी नीता बाजपेयी, मंडल अध्यक्ष लोकेश कश्यप, मंडल अध्यक्ष पंकज झा के अलावा सैकड़ों की संख्या में भाजपा की महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

अनियंत्रित क्षतिग्रस्त कार गाड़ी ने बाजार में मचाया कोहराम,बाल बाल बचे लोग

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
डाला सोनभद्र। स्थानीय डाला चौकी क्षेत्र में आज शुक्रवार शाम को शक्तिनगर वाराणसी मुख्यमार्ग की ओर से आ रही क्षतिग्रस्त इनोवा कार ने जमकर डाला बाजार में उत्पात मचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार लिखा हुआ इनोवा कार ळइ७03ण्8299 गुरमुरा की ओर से ही क्षतिग्रस्त होकर आ रही थी और बेलगाम होकर ही डाला बाजार के सर्विस लेन डिवाइडर में घुस गई तथा एक सब्जी का ठेला, साइकिल तथा बाइक जो सामने आया उसे तेज टक्कर मारकर रिंग पर ही मौके से फरार हो गई।गलिमत यह रही कि शाम के वक्त सब्जी आदि का दुकान लगाने वाले लोग बाल बाल बच गए।पुलिस को सूचना मिलती हैं उक्त वाहन को डाला पुलिस ने डाला जामा मस्जिद के ठीक सामने से बरामद कर लिया लेकिन ड्राइवर मौके से गाडी लाक कर फरार हो चुका था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को जब्त करके क्रेन की सहायता से डाला चौकी परिसर में लाकर खड़ा करा कर जांच पड़ताल में जुड़ गए।

कोलगेट रेणुसागर मे एनसीएल ककरी परियोजना की जमीन पर अवैध कब्ज़ा से लोगो मे भारी रोष

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
अनपरा सोनभद्र। एनसीएल ककरी परियोजना के आवासीय परिसर के चारों तरफ खाली पड़ी एनसीएल की जमीनों पर अवैध कब्जा तेजी से हो रहा है जिसको देखते हुए भी एनसीएल ककरी की सुरक्षा विभाग चुप्पी साधे बैठी हुई है। एनसीएल की सुरक्षा विभाग ना तो अपनी जमीनों की रखवाली कर पा रहा है और ना ही इन भू माफियाओं पर कोई कार्रवाई कर रहा है जिसके कारण भूमाफियाओं के द्वारा एनसीएल की कीमती जमीनों पर आलीशान महल तैयार किया जा रहे हैं। एनसीएल में सुरक्षा विभाग को एनसीएल की भूमि व उपकरणों की देखरेख के लिए तैनात किया गया है इसके बावजूद भी एनसीएल के सुरक्षा विभागों के निष्क्रियता के कारण खदानों से डीजल कबाड़ कोयले की चोरी हो रही है तो वही एनसीएल की कीमती जमीनों पर अवैध कब्जा भी जोरों से किया जा रहा है।अवैध कब्जे को लेकर कई बार लाइन ऑर्डर भी बिगड चुका है त् ताज़ा मामला रेणुसागर के कोलगेट का है जहाँ लाखो की क़ीमत की मेन मार्केट मे एनसीएल ककरी की जमीन को भू माफियाओ ने कब्जा करना शुरू कर दिया है त् जब कुछ लोगो ने इसकी शिकायत एनसीएल हेड क्वार्टर सिंगरौली मे किया तब जाकर हरकत मे आये सुरक्षा कमिर्यों ने काम को रुकवाया त् सुरक्षा कर्मी एस पी सिंह ने बताया कि काम रोक दिया गया है सोमवार को इसकी लिखित शिकायत पुलिस मे की जाएगी।

शिव और शक्तियों का यह अदभुत महामिलन :ब्रह्माकुमारी सुमन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
सोनभद्र। शुक्रवार को महाशिवरात्रि और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का अद्भुत संयोग भारतीय सनातन संस्कृति के अभ्युदय के लिए मंगलकारी संकेत है। शिव और शक्तियों का यह महामिलन भारत में

आदि सनातन दैवीय संस्कृति की पुनर्स्थापना का ध्वजवाहक बनेगा। ब्रह्माकुमारीज संस्था नारियों के आध्यात्मिक सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है। विश्व के 140 देशो में फैले हुए 8500 से भी अधिक सेवाकेंद्रो के माध्यम से मानवता की सेवा का संचालन और प्रशासन ब्रह्माकुमारीज बहनों के द्वारा ही होता है। उक्त बातें ब्रह्माकुमारी संस्था के विकास नगर स्थित सेवाकेंद्र पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित महिला सम्मेलन ठआध्यात्मिक शक्ति द्वारा महिला सशक्तिकरणठ विषय पर बोलते हुए सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने कहीं। इस अवसर पर अपने संबोधन में जनपद की शुविख्यात कवयित्री स डॉ0 रचना तिवारी ने कहा की नई स्वयं में सशक्त है ,आवश्यकता केवल अपने तेजस्वी स्वरूप को पहचानने की है। नारी पारिवारिक और मानवीय मूल्यों की संरक्षिका होती है। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने इस सम्मेलन में अपना सब विचार व्यक्त करते हुए कहा की नारियों को मानसिक बंधनों से मुक्त होकर आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की ओर कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में समाज और सरकार का दृष्टिकोण नारियों के सशक्तिकरण के प्रति बहुत ही सकारात्मक है। कनकलता, अध्यक्षा दृष्टिकोण सेवा समिति एन0जी0ओ0 ने महिला सशक्तिकरण के संबंध में कहा कि मैं अपने संस्था के माध्यम से नारियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सुविख्यात महिला चिकित्सक डॉ0अनुपमा सिंह ने महिला सशक्तिकरण के संबंध में अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि आध्यात्म से स्वयं को और परमात्मा के सत्य स्वरूप की पहचान होने से ही उनके जीवन का सशक्तिकरण हुआ है। इस अवसर पर रूबी प्रसाद ,अध्यक्ष ,नगर पालिका परिषद,रॉबर्ट्सगंज ने कहा कि महिलाओं को सशक्तिकरण समय की मांग है और उनके द्वारा ही समाज को नई दिशा प्रदान की जा सकती है। सभी मंचसीन वक्ताओं का सनातन परम्परा के अनुसार आत्मस्मृति का प्रतीक तिलक, बैच तथा अंगवस्तम के द्वारा स्वागत किया गया। सम्मेलन का प्रारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर एक भक्ति परंपरा पर आधारित नृत्यनाटिका शिव शंकर में अंतर की मनमोहक प्रस्तुति की गई। कु0रिद्धि ने स्वागत नृत्य तथा कुमारी प्रांजना तथा पलक ने भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। नारद की भूमिका में कु0पूनम, गणेश कु0 प्रियंका, शंकर कु0 श्वेता, पार्वती कु0आस्था और देव,दीप तथा प्रियांशु ने देवियों के भक्तों की प्रभावशाली भूमिका का अभिनय किया।डॉ0बी0के0हरींद्र भाई जी ने मंच संचालन बहुत ही प्रभावशाली ढंग से किया। इस इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे बी0के0प्रतिभा बहन, सीता बहन,सरोज बहन, कविता बहन, दीपशिखा बहन,प्रभा बहन शामिल थे।

महिलाओं से ही शिक्षित समाज की होती है उन्नतिः प्रियंका

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
सोनभद्र। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिला शक्ति संघ की

राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमा पटेल के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में प्रदेश अध्यक्ष साधना सारंग की अगुवाई में जिला अस्पताल के मरीज के बीच फल वितरण किया गया।कार्यक्रम में जनपद सोनभद्र से नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद , भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह की पतनी प्रियंका महिला शक्ति संघ की जिलाध्यक्ष शशि बाला सिंह कनकलता साथी महिला शक्ति संघ की अन्य कई सारी पदाधिकारी मौजूद रही। फल वितरण कार्यक्रम के द्वारा जहां मरीजों के जल्द सेहतमंद होने की प्रार्थना की गई। प्रदेश अध्यक्ष साधना जी ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी। जिला अध्यक्ष सचिवालय अस्पताल की महिला मरीज का हाल-चाल पूछती नजर आई। मरीज के बीच फल वितरण मे सहयोग कीं। कार्यक्रम में जय श्री विश्वकर्मा सुनीता सान्याल एवं अन्य कई महिलाएं साथ रही

विश्व महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओ को सामाजिक समानता दिलवाने हेतु प्रोत्साहित करना

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
सोनभद्र। दिशिता महिला मंडल रेनूसागर ने किया महिलाओं का

सम्मान. अश्विनी ठाकुर अनपरा (सोनभद्र) दिशिता महिला मंडल रेनूसागर ने दिशिता महिला मंड़ल की अध्यक्षा इंदू सिंह के निर्देशन में विश्व महिला दिवस के अवसर पर महिला मण्डल में कार्यरत सिलाई व सहकर्मी महिलाओं का बड़े ही आदर के साथ सम्मान किया गया, व बड़े ही हर्षोल्लास एंव धूमधाम से विश्व महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में दिशिता महिला मंड़ल की सचिव कविता श्रीमाली ने कविता प्रस्तुत किया, ततपश्चात उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि विश्व महिला दिवस मानाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओ का सांस्कृतिक आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि वे अपने हक़ के प्रति जागरूक बने। इस इस अवसर पर भजन ,गीत व विभिन्न प्रकार के खेल, बेस्टमैचिंग, व बेस्ट ग्रेटअप आदि कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।जिसमें सभी विजेता महिलाओं कों पुरस्कृत किया गया साथ ही विश्व महिला दिवस के अवसर पर दिशिता महिला मंड़ल द्वारा दो सिलाई मशीन दिशिता सिलाई केन्द्र की प्रबन्धिका विभा सिंह व उनकी टीम को दिया गया जिससे अधिक से अधिक लाभार्थी सिलाई सीख कर आत्मनिर्भर बन सके। इसके पूर्व दिशिता महिला मंड़ल की वरिष्ठ सदस्याऐं विभा शैलेश सिंह, सपना तिवारी ने सभी महिलाओं के साथ मिलकर केक काटा तथा कहा कि हमारे जीवन में ये महिलाये विशेष सहभागिता निभाती है व सदैव सहयोग के लिए ततपर रहती है उनकी लगन व निष्ठा से आज महिला मण्डल की अलग ही पहचान बनी है। कार्यक्रम में इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्याऐं आशा सैनी, सविता चौबें, विभासिंह व तुलिका श्रीवास्तव, रजनी रूंगटा व महिला मंड़ल की अन्य प्रमुख सदस्यायें उपस्थित थी।कार्यक्रम का समापन सचिव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

बुद्ध के विचारों को आत्मसात करने से कायम होगा अमनचैन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
सोनभद्र। राबर्ट्सगंज सोनभद्र - शुक्रवार को बुद्ध अंबेडकर विचारोत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में जनपद सोनभद्र के चोपन थाना अंतर्गत ग्राम

चिरहूली में विगत वर्षों की भांति बौद्ध महोत्सव एवं विश्व महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत सारनाथ वाराणसी से आए पूज्य भन्ते बुद्ध ज्योति जी ने तथागत बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर एवं बुद्ध पूजा, त्रिशरण, पंचशील कराकर किया। मुख्य अतिथि जन अधिकार पार्टी की प्रदेश महासचिव माननीय इंदु मेहता ने कहा कि आज देश ही नहीं बल्कि पूरा विश्व आतंकवाद, आपसी कलह, आर्थिक तंगी, अंधविश्वास से जूझ रहा है इससे बाहर निकलने का मात्र एक ही रास्ता है वह है तथागत बुद्ध का मार्ग तथागत बुद्ध ने कहा है कि यदि दुख है तो उसका कारण है कारण है तो निवारण है और निवारण का मार्ग है परंतु उस मार्ग पर हम सभी को चलना होगा। तथागत बुद्ध के विचारों को दुनिया का हर व्यक्ति यदि आत्मसात कर ले तो पूरे विश्व में अमन चैन शांति एवं खुशहाली कायम हो जाएगी इसके लिए तथागत बुद्ध के द्वारा दिया गया त्रिशरण पंचशील एवं अष्टांगिक मार्ग को ग्रहण करना होगा और उसको अमल में लाना होगा। पूरे विश्व में तथागत बुद्ध का ही एक ऐसा मार्ग है जो वैज्ञानिक है व तर्क करने की खुली छूट देता है और बुद्ध कहते हैं कि यदि कोई भी बात जब तर्क की कसौटी पर खरी उतरे तभी उसे मानो, किसी के कह देने मात्र से मानने की जरूरत नहीं है विशिष्ट अतिथि सुमन्त सिंह मौर्य एवं जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में विश्व महिला दिवस की बात की जाए तो आज महिलाएं कहीं से किसी क्षेत्र में पीछे नहीं है पुरुषों के बराबर उनकी हर क्षेत्र में भागीदारी है देश प्रदेश की सरकार बनाने में भी महिलाओं की बराबर की भूमिका है परंतु महिलाओं को हमेशा से उपेक्षित रखा गया है जो देश के स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं देश में जाति जनगणना कराकर जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं को 50ज्ञ् की हिस्सेदारी देते हुए देश में रहने वाले हर जाति धर्म वर्ग संप्रदाय के लोगों को उनकी संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी दिए जाने की जरूरत है जिससे देश तरक्की एवं खुशहाली के रास्ते पर जाएगा। जिला पंचायत सदस्य सुनील सिंह गौण एवं अध्यक्षता कर रहे परमेश्वर यादव ने कहा कि भारत का संविधान तथागत बुद्ध की विचारधारा एवं सम्राट अशोक के शासनकाल पर आधारित संविधान है बाबा साहब ने जो संविधान देशवासियों को दिया है वह संविधान सबको बराबरी का अधिकार एवं बराबरी का सम्मान देता है जिस वोट से सरकार बनती है और वह सरकार आपकी एवं आपके आने वाली पीढियां का भाग्य विधाता होती है उस सरकार को भी बनाने में जो वोट का महत्व है,चाहे राजा का वोट हो अथवा किसान मजदूर गरीब का वोट हो अथवा महिला का वोट हो सबके वोट की कीमत बराबर होता है यह बाबा साहब की देन है इसलिए सभी को बराबर का सम्मान एवं अधिकार दिलाना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है।कार्यक्रम आयोजक मंगला प्रसाद मौर्य ने बुद्ध महोत्सव में आए हुए लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। बुद्ध महोत्सव समारोह को बतौर विशिष्ट अतिथि जन अधिकार पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर भागीरथी सिंह मौर्य, एड0 विकाश शाक्य, जिला महामंत्री रविरंजन शाक्य, डॉ0 ओ0 पी0 मौर्य, इंदु मौर्य, ने भी सम्बोधित किया बुद्ध महोत्सव कार्यक्रम में कांग्रेस नेता बाबूलाल पनिका, डॉक्टर जे पी मौर्य, जय प्रकाश मौर्य, इंदु मौर्य, राकेश, कालीचरन, सुपरस , इंद्राज, रमेश मौर्य, सन्त कुमार, लोरिक चौहान, अनिल प्रधान, धर्मेन्द्र प्रधान, रामाश्रय भारती प्रधान, सन्तोष यादव , शीतल यादव, सहित हजारो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान परमेश्वर यादव एवं संचालन रविंद्र कुशवाहा ने किया।

दर्द दिल की जुबानी लिए हमेशा तैयार रहता हूं आंखों में पानी लिए:कौशल्या

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
सोनभद्र। शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र सोनांचल साहित्यकार परिषद सोनभद्र व जनवादी लेखक संघ सोनभद्र के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार दोपहर डा,वीं पी सिंगला के आवास पर वसंतोत्सव महाशिवरात्रि व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षिका कवयित्री कौशल्या चौहान को अंगवस्त्र लेखनी पुस्तिका प्रशस्ति पत्र माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।इसके पूर्व मां वाग्देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीपदान पश्चात दिवाकर द्विवेदी मेघ ने वंदना,,,,तेरे चरण की वंदना मां हम सदा करते रहें।रसधार दें हृदय नव सर्जना करते रहें।। सुनाकर माहौल दिये। दयानंद दयालू ने,,होरी, बहे बसंती बयार झूमे गौवां जवार सुनाकर फागुनी रंग से सराबोर किया। दिनेश चौबे ने दर्द दिल की जुबानी लिए हमेशा तैयार रहता हूं आंखों में पानी लिए।। अशोक तिवारी संचालक ने ,,खौफ है नहीं कोई धूप में नहाने से , हमने जिंदगी पाई मौत के बहाने से।सुनाकर? वाहवाही लूटी। प्रद्युम्न तिवारी एड शहीद स्थल करारी निदेशक नेअपनी रचना,,, नयन से नीर बहता है हृदय में पीर उठती है। किसी दुष्यंत की खातिर शकुन्तला जब भी रोती है।तभीं कवि

की मुखर वाणी संवेदनशील भावों से। कोई कविता उतरती है और जन कल्याण करती है सुनाकर करतल ध्वनि से गुंजायमान कराया। जुल्फिकार हैदर की शायरी रूहानी सदायें खामोश लव और नमः आंखें कहां से लाऊं,,,काफी सराही गई। धर्मेश चौहान ने,अपना फर्ज निभाओ मेरे देश वासियों। जुल्म की आग बुझाओ मेरे देश वासियों।।सुनाकर देश प्रेम का जज्बा जगाया। अशोक श्रीवास्तव ने कर्तव्य पथ है सर्वोपरि बाकी गड़ बड झाला है।।डा, वीपी सिंगला ने ये आईना तो हमेशा सच बोलता है सुनाकर विसंगतियों को उकेरा। आत्म प्रकाश तिवारी एड ने शिव शब्द की समाख्या कर निरूपण किया। संरक्षक कविराज रमाशंकर पांडेय विकल ने गंभीर रचना अपने विरुद्ध बातें सुन लेता चुपचाप। उत्तर का अधिकार देता हूं काल को सुनाकर पूर्णता दी जिसे सुनकर लोग भावविभोर हो गए। अंत में आयोजन की अध्यक्षता कर रही सुप्रसिद्ध पूर्वांचल की कवयित्री कौशल्या चौहान जिनका साहित्य समाज सेवा संगीत शिक्षा के लिए सम्मानित किया गया उन्होंने अपनी रचना,,,,देश ही मेरा सब कुछ है मैं देश की दीवानी हूं,,, मुझको अबला मत समझो मैं झांसी वाली रानी हूं सुनाकर नारी सशक्तिकरण व राष्ट्रवाद का भाव जगाकर जागरण कर वीर रस का जज्बा जगाया।तो नहीं वसंत पर,,,थिरक रहे सरसों के फूल भौंरे बजा रहे हैं ताली,,, सुनाया और आयोजन के स्थगन की घोषणा कीं इस अवसर पर शशि सिंगला डा, शंकर गुप्ता आशा सिंगला आदि देर शाम तक जमे रहे।

थाना चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एक ही परमिट पर दोबारा अवैध खनिज का परिवहन करते हुए वाहन को पकड़ा गया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
सोनभद्र। डा0 यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक सोनभद्र महोदय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय

व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण तथा कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों व अवैध खनिज के परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 52/2024 धारा- 419,420 भादवि व 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 में वांछित अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र झूलन कुमार निवासी ग्राम सिहर थाना तहलिया जनपद चन्दौली, हालपता कम्हरिया मधुपुर थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र को आज दिनांक 08.03.2024 को समय करीब 13.15 बजे चोपन बाजार से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण** - 1.मनीष कुमार पुत्र झूलन कुमार निवासी ग्राम सिहर थाना तहलिया जनपद चन्दौली हालपता कम्हरिया मधुपुर थाना रावर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 34 वर्ष। **गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण** - 1.प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह थाना चोपन जनपद सोनभद्र। 2.व030नि0 उमाशंकर यादव थाना चोपन जनपद सोनभद्र। 3.30नि0 परमानन्द यादव थाना चोपन जनपद सोनभद्र। 4.हे0का0 नागेन्द्र पटेल थाना चोपन सोनभद्र।

कलश यात्रा के साथ अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ व श्री राम कथा शुरू

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
सोनभद्र। रावटसगंज ब्लॉक के ममुआं गांव में आयोजित श्री अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ व श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया गया है जिसमें यज्ञ संचालन करता आचार्य सौरभ भारद्वाज ने बताया शिवरात्रि के शुभ

अवसर पर मंगल कलश यात्रा निकाली गई एवं मंडप प्रवेश किया गया यज्ञ के मुख्य यजमान प्रेमचंद देव पांडे सहित 108 कन्याओं महिलाओं के द्वारा कलश पूजन किया गया जिसमें काफी मात्रा में ग्रामवासी भाग लिए पूरे गांव का भ्रमण कर भव्य शिवपूजन रुद्राभिषेक किया गया यज्ञ करता के रूप में पंडित दीपेंद्र देव विद्यार्थी सहित आचार्य नागेंद्र नाथ मिश्रा के सानिध्य में एकादश वैदिक विद्वानों के द्वारा मत्रों से क्षेत्र गूंज मन हो उठा श्री राम कथा के आयोजन में आजमगढ़ से पधारे राष्ट्रीय प्रवक्ता गोविंद शास्त्री जी महाराज के द्वारा संगीतमय प्रवचन प्रस्तुत किया जाएगा गुप्तकाशी से पधारे पंडित श्याम बली पाठक मानव हंस जी के द्वारा भी राम कथा का प्रवचन किया जाएगा इस शुभ अवसर पर कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश देव पांडेय, बसपा पूर्व प्रत्याशी अविनाश शुक्ला, रवि प्रकाश पांडेय, बच्चा पांडेय, धीरेंद्र पांडेय, समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

अन्तर्राष्ट्रिय महिला दिवस पर छात्रवृत्ति की घोषणा

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
सोनभद्र। विन्ध्य कन्या पी0जी0 कालेज राबर्ट्सगंज सोनभद्र में अन्तर्राष्ट्रिय महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि

डा0 अजीता विक्रम सिंह (एसोसियेट डायरेक्टर इन साइन लाइफ साइन्सेज इन बोस्टर्न, अमेरिका) रही। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि व प्राचार्या डॉ0 अंजली विक्रम सिंह द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि ने अपने पिता जी स्व0 देवेन्द्र विक्रम सिंह की स्मृति में 20000.00 प्रति वर्ष छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की। वर्तमान सत्र 2023-24 में बी0एस-सी0 तृतीय वर्ष में अध्ययनरत् नेहा पुत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद व नाहिद पुत्री श्री अलीशेर को क्रमशः 10000.00, 10000.00 रु0 की छात्रवृत्ति प्रदान की। उन्होने छात्राओं को सम्बोधन करते हुए कहा की पिता जी ने हमको एक बालक की तरह पढ़ा लिखा कर आज इस योग्य बनाया की हम किसी छात्र की मदद कर सके इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमने छात्रवृत्ति की घोषणा की तथा छात्राओं को बाहर पढाने के अलावा उन्होने कहा की हमसे जितना हो सकता है मै छात्राओं की अधिक से अधिक मद्द करने को हमेशा तैयार रहूंगी छात्राओ से कहा की अपन लक्ष्य बनाकर अपनी तैयारी करे इन्टरनेट के माध्यम से आप लेक्चर सुन या देख सकती है और समाज में पढ़ लिख कर स्वयं का सम्मान प्राप्त कर सकती है। क्योकि परिश्रम के अलावा कोई रास्ता नही है इस लिए छात्राओं को अधिक से अधिक परिश्रम करना चाहिए। अन्त में प्राचार्या द्वारा आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया व छात्राओं को अपना आशिर्वचन प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य ट्रस्टी डॉ0 अजय कुमार सिंह, डॉ0 कैलाश नाथ, डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह, डॉ0 अरुणेन्द्र संदल, विनीता केशरी, चन्द्रावती, शायमा, व सभी शिक्षणेत्तरकर्मी उपस्थित थें।

मैट हेनरी की घातक गेंदबाजी, बल्लेबाजों के साहस से न्यूजीलैंड ने की वापसी; कीवी टीम के नाम रहा दूसरा दिन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में वापसी की। दूसरे दिन स्टंप्स तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 134 रन बना लिए हैं। टॉम लैथम 65 और रचिन रवींद्र 11 रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे पहले न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 256 रन पर समेट दी। दूसरे दिन स्टंप्स तक कीवी टीम ने 40 रनों की बढ़त ले ली है, जबकि उसकी दूसरी पारी में 8 विकेट बाकी है। 96 रनों से पिछड़ने के बाद, मेजबान टीम ने विल यंग का शुरुआती विकेट खो दिया। हालांकि, अपना 100वां टेस्ट खेल रहे केन विलियमसन और टॉम लैथम ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन जोड़कर कीवी टीम को दूसरी पारी में बढ़त दिला दी। दूसरे दिन स्टंप्स तक न्यूजीलैंड ने 40 रनों की बढ़त ले ली है जबकि उसकी दूसरी पारी में 8 विकेट बाकी है। 96 रनों से पिछड़ने के बाद मेजबान टीम ने विल यंग का शुरुआती विकेट खो दिया। हालांकि अपना 100वां टेस्ट खेल रहे केन विलियमसन और टॉम लैथम ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन जोड़कर कीवी टीम को दूसरी पारी में बढ़त दिला दी। विलियमसन 51 रन बनाकर आउट हुए। पैट कमिंस ने उन्हें आउट किया। हालांकि, लैथम 154 गेंद में 7 चौकों की मदद से 65 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके साथ रचिन रवींद्र भी थे, जिनके नाम टेस्ट दोहरा शतक है। वह 11 रन बनाकर टॉम लैथम के साथ न्यूजीलैंड की बढ़त को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। इससे पहले दिन में, मैट हेनरी की घातक गेंदबाजी के आगे कंगारू बल्लेबाज ज्यादा देर तक नहीं टिक सके। मैट हेनरी ने 7 ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। मार्नस लाबुशेन एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जिन्होंने सबसे ज्यादा रन बनाए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 147 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 90 रन बनाए। लाबुशेन को आउट करने के लिए प्लाइंट पर ग्लेन फिलिप्स ने एक शानदार कैच लपका। मिचेल स्टार्क और कमिंस ने भी निचले क्रम में क्रमशः 28 और 23 रन की पारी खेलकर उपयोगी योगदान दिया। पहले दिन नाइट वॉचमैन के तौर पर आए नाथन लियोन ने 27 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 20 रन बनाए।

'शेर भूखा है इस बल्लेबाज के अर्धशतक पर फिदा हुए सूर्यकुमार यादव, सोशल मीडिया पर शेयर कर दिए आंकड़े

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। राजकोट टेस्ट मैच में डेब्यू करने के बाद से सरफराज खान के बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। चौथे टेस्ट में बेन स्टोक्स के माइंड गेम का शिकार होने बाद सरफराज खान ने शुक्रवार को उस आंकड़े का स्क्रीनशॉट अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा करते हुए सूर्यकुमार ने इसे कैप्शन दिया, 'शेर भूखा है।' सूर्यकुमार सरफराज के बहुत बड़े समर्थक रहे हैं, क्योंकि दोनों क्रिकेटर एक ही राज्य टीम के लिए खेलते हैं।

वापसी करते हुए मेहमान टीम के खिलाफ एक और शानदार पारी खेली। धर्मशाला में पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन सरफराज ने अपने टेस्ट करियर का तीसरा अर्धशतक जड़ा। सरफराज खान ने 60 गेंद पर 56 रन की पारी खेली। मुंबई के इस बल्लेबाजी क्षमता से टी20 किंग सूर्यकुमार यादव बहुत प्रभावित हुए। सूर्या ने सरफराज की फोटो शेयर करते हुए उनकी तारीफ की। सरफराज ने पारी के दौरान जिन गेंदों का सामना किया, उनमें से 93 फीसदी गेंद उन्होंने मिडल की और केवल तीन गेंद उनसे बीट हुई। वह सूर्यकुमार ही थे जिन्होंने सरफराज के पिता नौशाद को अपने बेटे का डेब्यू देखने के लिए राजकोट जाने के लिए प्रेरित किया था। सूर्यकुमार ने एक वॉयस नोट जारी कर उन्हें राजकोट जाने के लिए प्रेरित किया था। स्पोर्टस्टार के हवाले से अपने वॉयस नोट में सूर्या ने कहा था कि पिछले साल नागपुर में जब मुझे टेस्ट कैप मिली तो मेरा परिवार मेरे साथ था, वह हम सभी के लिए एक यादगार पल था। आपको वहां रहना होगा। इसका खुलासा सरफराज के पिता ने भी किया था।

जेम्स एंडरसन का हिमालयीन कारनामा, टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले बने दुनिया के पहले तेज गेंदबाज

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शनिवार को टेस्ट क्रिकेट में एक हिमालयीन कीर्तिमान स्थापित किया। एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने। एंडरसन ने धर्मशाला में भारत के खिलाफ जारी पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन कुलदीप यादव को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज हैं। एंडरसन ने भारत के खिलाफ धर्मशाला में जारी पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन कुलदीप यादव को आउट करके यह कीर्तिमान स्थापित किया। एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में तीसरे स्थान पर काबिज है। वैसे, जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 या ज्यादा विकेट लेने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज हैं। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के महान ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के नाम दर्ज है। मुरलीधरन ने 800 टेस्ट विकेट लिए। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के महान लेग स्पिनर शेन वॉर्न काबिज हैं। दिवंगत शेन वॉर्न ने 708 टेस्ट विकेट लिए। जेम्स एंडरसन की खूबी उनका लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना है। 41 साल के एंडरसन ने 2003 में अपना डेब्यू किया और तब से इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुवा बने हुए है। एंडरसन ने 2015 से सीमित ओवर क्रिकेट नहीं खेला, लेकिन लाल गेंद क्रिकेट के वो शंहशाह बने और एक के बाद एक उपलब्धि हासिल करते गए। पता हो कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अपने 187वें टेस्ट में 700 विकेट पूरे किए। जेम्स एंडरसन के पास जल्द ही शेन वॉर्न के रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका है। बहरहाल, जेम्स एंडरसन का मौजूदा टेस्ट सीरीज में प्रदर्शन प्रभावी नहीं रहा है। उन्होंने सीरीज में 12 विकेट लिए हैं, लेकिन एक भी मैच विजयी नहीं रहा।

गेल की विस्फोटक बैटिंग से दहला था चिन्नास्वामी का मैदान, तहस-नहस हुई थी आईपीएल की रिकॉर्ड बुक आरसीबी ने खड़ा किया था सबसे बड़ा स्कोर

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। साल 2013 और चिनन्नस्वामी का मैदान। 31 मार्च की तारीख को क्रिस गेल ने बल्ले से ऐसी तबाही मचाई थी, जिसकी यादें आज भी फैन्स के जहन में है। पुणे वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में गेल के बल्ले से 17 छक्के निकले थे यूनिवर्स बॉस ने सिर्फ 30 गेंदों पर शतक ठोक डाला था और 175 रन की विस्फोटक पारी खेली थी।

आरसीबी की इनिंग के दौरान गेंद मैदान पर कम मैदान से बाहर ज्यादा रही थी। इस मैच में चौके-छक्कों की जमकर बरसात हुई थी और एक रात में ना जाने आईपीएल के कितने रिकॉर्ड्स चकनाचूर हो गए थे रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम पुणे के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरी थी। क्रिस गेल मानो उस दिन ड्रेसिंग रूम से ही तय करके मैदान पर उतरे थे कि आईपीएल की रिकॉर्ड्स बुक को तहस-नहस करके ही वापस लौटेंगे। गेल ने पहली गेंद से ही जमकर तबाही मचाई और पुणे के हर गेंदबाज के खिलाफ लंबे-लंबे सिक्स जमाए। पहले विकेट के लिए गेल और दिलशान ने महज 13.4 ओवर में 167 रन जोड़े।पुणे का कोई भी गेंदबाज यूनिवर्स बॉस के बल्ले पर लगाम लगाने में नाकाम हो रहा था। गेल ने तूफानी अंदाज में खेलते हुए महज 30 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। सेंचुरी लगाने के बाद भी कैरेबियाई बैटर रुका नहीं और उनके बल्ले से चौके-छक्के बरसते रहे। पुणे के गेंदबाज ने लाख कोशिश की, लेकिन उस दिन वह गेल का विकेट नहीं झटक सके। हाल यह रहा कि गेल ने 66 गेंदों पर 175 रन की विस्फोटक पारी खेली। गेल के बल्ले से 13 चौके और 17 गगनचुंबी छक्के निकले क्रिस गेल की विस्फोटक पारी के साथ एबी डिविलियर्स ने भी बल्ले से खूब धमाल मचाया। डिविलियर्स ने सिर्फ 8 गेंदों पर तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 31 रन ठोके। मिस्टर 360 ने 387 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 3 चौके और तीन छक्के जमाए। गेल-डिविलियर्स की तूफानी पारी के दम पर बैंगलोर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 263 रन लगाए।आरसीबी द्वारा खड़ा किया गया यह स्कोर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर भी है। बैंगलोर से मिले 264 रन के विशाल लक्ष्य के जवाब में पुणे वॉरियर्स की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 133 रन ही बना सकी थी।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा तीसरे दिन फील्डिंग करने नहीं उतरे, सामने आई असली वजह; बुमराह ने संभाली कमान

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में जारी पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन फील्डिंग करने नहीं उतरे। जानकारी मिली है कि रोहित शर्मा पीठ में जकड़न से परेशान हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुष्टि कर दी है कि रोहित शर्मा पीठ दर्द के कारण फील्डिंग करने नहीं उतरे हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में चल रहे पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन फील्डिंग करने मैदान में नहीं उतरे। जानकारी मिली है कि रोहित शर्मा पीठ में जकड़न से परेशान हैं। रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह ने भारतीय टीम की कमान संभाली। भारतीय टीम पांचवां व अंतिम टेस्ट जीतने के करीब है। रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह भारतीय टीम की कमान संभाल रहे हैं। बता दें कि इंग्लैंड की पहली पारी 218 रन के जवाब में भारत की पहली पारी 477 रन पर ऑलआउट हुई। इस तरह मेजबान टीम ने पहली पारी के आधार पर 259 रन की विशाल बढ़त हासिल की। कप्तान रोहित शर्मा (103) ने शतक जड़कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। बहरहाल, रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम की कमान जसप्रीत बुमराह ने बेहद अच्छे तरीके से की। मेजबान टीम धर्मशाला टेस्ट जीतने के करीब पहुंच चुकी है। तीसरे दिन लंच तक भारत ने इंग्लैंड के पांच विकेट 103 रन के स्कोर पर गिरा दिए। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चार विकेट झटके जबकि एक विकेट कुलदीप यादव ने चटकाया। इंग्लैंड की टीम खबर लिखे जाने तक भारत के स्कोर से 156 रन पीछे है जबकि उसके पांच विकेट शेष है। जो रूट (34ङ) इंग्लैंड की बड़ी उम्मीद बनकर क्रीज पर डटे हुए हैं, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें किसी का साथ नहीं मिल पा रहा है। भारतीय टीम पहले ही सीरीज 3-1 से अपने कब्जे में कर चुकी है और वो 4-1 से सीरीज जीतकर इतिहास रचने के करीब है। हैदराबाद टेस्ट 26 रन से गंवाने के बाद रोहित ब्रिगेड ने शानदार वापसी की और अगले तीन टेस्ट लगातार जीतकर सीरीज अपने नाम की। इंग्लैंड का 12 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीतने का सपना अधूरा रह गया।

डीसी के खिलाफ हैट्रिक लेकर दीप्ति शर्मा ने आईपीएल में रचा इतिहास, बनीं पहली भारतीय खिलाड़ी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। यूपी वॉरियर्स स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ ग्रुप मैच में हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। दीप्ति महिला प्रीमियर लीग में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई है। दीप्ति ने शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दो ओवर में लगातार तीन विकेट लेकर यूपी वॉरियर्स की कैपिटल्स पर एक रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी वॉरियर्स ने 138 रन का स्कोर बनाया था। इसमें दीप्ति शर्मा ने 48 गेंद पर 59 रन की पारी खेली थी। दीप्ति का यह शानदार प्रदर्शन यहीं नहीं रुका। लक्ष्य का बचाव करते हुए दीप्ति ने दो गजब के ओवर फेंके।

इन दो ओवरों में दिल्ली के तीन महत्वपूर्ण विकेट निकाल कर मैच को रोमांचक बना दिया था लक्ष्य का पीछा करते हुए 13 ओवर तक सिर्फ 2 विकेट खोकर 91 रन बना लिए थे, टीम के लिए 14वां ओवर लेकर दीप्ति शर्मा आई और इस ओवर में उन्होंने सिर्फ दो रन दिए और मेग लैनिंग को ओवर की छठी गेंद पर आउट कर दिया। यूपी की कप्तान एलिसा हीली ने 19वें ओवर में फिर से दीप्ति शर्मा को गेंद थमाई। इसी ओवर में दीप्ति ने इतिहास रचा। उन्होंने अपने इस ओवर की शुरुआती दो गेंदों पर सदरलैंड और अरुंधति रेड्डी को आउट कर इस इतिहास की दूसरी हैट्रिक ली। चौथी गेंद पर शिखा पांडे को आउट कर चौथी सफलता हासिल की। इससे पहले पिछले सीजन में इस्सी वोंग ने मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए हैट्रिक ली थी। उन्होंने यूपी वॉरियर्स के खिलाफ ही हैट्रिक ली थी।

मैं एमएस धोनी से बहुत कैप्टन कूल की कप्तानी का मुरीद हुआ आरसीबी का स्टार खिलाड़ी, कह गया यह बड़ी बात

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च से होगा। इससे पहले बेंगलुरु के कप्तान फफ डु प्लेसिस काफी ज्यादा एक्साइटेड है। कुछ दिनों पहले अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपनी भावनाएं व्यक्त की थीं। अब उन्होंने चेनन्ई सुपर किंग्स (एण्ख) के कप्तान एमएस धोनी को लेकर बड़ा बयान दिया ह स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए फाफ डु प्लेसिस ने एमएस धोनी की कप्तान की तारीफ की। चेनन्ई सुपर किंग्स के साथ अपने कार्यकाल के दौरान एमएस धोनी से मिली सीख के बारे में फाफ डु प्लेसिस ने खुलासा किया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उस अनुभव ने उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तानी करते हुए मदद मिलती है। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए फाफ डु प्लेसिस ने एमएस धोनी की कप्तान की तारीफ की। चेनन्ई सुपर किंग्स के साथ अपने कार्यकाल के दौरान एमएस धोनी से मिली सीख के बारे में फाफ डु प्लेसिस ने खुलासा किया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उस अनुभव ने उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तानी करते हुए मदद मिलती है। बता दें कि फाफ डु प्लेसिस साल 2012 में सीएसके लिए आईपीएल डेब्यू किया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने आईपीएल 2022 के शुरू होने से पहले 7 करोड़ रुपये में उन्हें खरीदा था। फिर 22 मार्च 2022 को विराट कोहली ने फाफ डू प्लेसिस को आरसीबी की कमान सौंपने का ऐलान किया। साल 2022 और 2023 में डू प्लेसिस ने आईपीएल में आरसीबी का नेतृत्व किया।

इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

मैट हेनरी ने 7 कंगारू बैटर्स को शिकार बनाकर रचा इतिहास, तोड़ डाला महान गेंदबाज का रिकॉर्ड

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने क्राइस्टचर्च में चल रहे दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान सात विकेट लेकर इतिहास रच दिया। मैट हेनरी ने 23 ओवर में चार मेडन सहित 67 रन खर्च करके सात विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैट हेनरी ने घरेलू जमीन पर टेस्ट की एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने कहर बरपाती गेंदों से ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को दिन में तारे दिखाए और सात विकेट चटकाकर एक बेहद खास उपलब्धि हासिल की। मैट हेनरी ने 23 ओवर के स्पेल में चार मेडन सहित 67 रन देकर सात विकेट झटके। हेनरी के कारण ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 256 रन पर ऑलआउट हुई और मुकाबला बराबर की स्थिति में आ गया। मैट हेनरी ने महान कीवी स्पिनर डेनियल विटोरी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 24 साल तक इसे अपने खाते में दर्ज करा रखा था।

तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों में दूसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भी किया। महान तेज गेंदबाज सर रिचर्ड हेडली के नाम अब भी यह रिकॉर्ड दर्ज है, जिन्होंने 1985 में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 52 रन देकर 9 विकेट झटके थे।रिचर्ड हेडली ने 23.4 ओवर में चार मेडन सहित 52 रन खर्च करके 9 विकेट लिए थे। वैसे, हेनरी ने टेस्ट की एक पारी में दूसरी बार सात विकेट लेने का कमाल किया। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फरवरी 2022 में क्राइस्टचर्च में ही आया था, जब उन्होंने 15 ओवर में सात मेडन सहित केवल 23 रन देकर सात विकेट झटके थे। जहां तक क्राइस्टचर्च टेस्ट की बात है तो मैट हेनरी ने गजब की गेंदबाजी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल बढ़त हासिल करने से रोक दिया। कंगारू टीम पहली पारी के आधार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ केवल 94 रन की बढ़त ले पाई। हेनरी ने उस्मान ख्वाजा, कैमरन ग्रीन, ट्रेविस हेड, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस के विकेट लिए। मैट हेनरी टेस्ट क्रिकेट में 100 विकेट लेने से सात कदम दूर हैं। वह 100 या ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले 15वें कीवी गेंदबाज बनेंगे। इससे पहले रिचर्ड हेडली, टिम साउथी, डेनियल विटोरी, ट्रेंट बोल्ट, नील वेगनर, क्रिस मार्टिन, क्रिस कैर्न्स, डैनी मॉरिसन, लांस कैर्न्स, एविन चैटफील्ड, रिचर्ड कॉलिंग, ब्रूस टेलर, डग ब्रेसवेल और रिचर्ड चाल्स मोट्ज यह कमाल कर चुके हैं।

पप्पू पेजर के ये डायलॉग कर देंगे लोटपोट, 'कैलेंडर' ने बनाया था कॉमेडी किंग

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। सिनेमा की जादुई दुनिया में मजेदार किरदार निभाकर लोगों

को अपना दीवाना बनाने वाले सतीश कौशक ने कई चेहरों को हंयासा है। उनकी एक्टिंग जितनी उम्दा थी, उतनी ही परफेक्ट कॉमिक टाइमिंग भी। आज सिनेमा का यह चमकता सितारा हमारे बीच नहीं है, लेकिन अपने पीछे वह कई मजेदार डायलॉग्स छोड़ गए हैं, जो हंसाते भी हैं और जिंदादिली से लाइफ को जीने का एहसास भी कराते हैं। हिंदी सिनेमा में कॉमेडी फिल्मों से लोगों को गुदगुदाने वाले कई एक्टर्स रहे हैं। इनमें एक नाम ऍैप् ख्ेिप्व् का भी रहा है जिन्होंने अपनी कॉमेडी से लोगों को गुदगुदाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आज सिनेमा के इस दिग्गज अभिनेता की पहली पुण्यतिथि है। इस मौके पर हम उनके उन डायलॉग्स को याद करेंगे जिसे सुन लोग पेट पकड़कर हंसने को मजबूर हो गए। सतीश कौशिक ने अपनी कॉमेडी से बड़े से बड़े एक्टर को फिल्मी पर्दे पर टक्कर दी थी। उनकी कॉमेडी ही ऐसी थी कि कोई भी हंसते-हंसते लोटपोट हो जाए। सतीश कौशिक ने जिन भी फिल्मों में काम किया, अपनी एक अलग पहचान बनाई। हास्य अभिनेता के तौर पर उन्हें दो बार फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया था। किरदार के साथ-साथ पर्दे पर उनके कुछ डायलॉग्स भी जबरदस्त हिट रहे। आज 'कॉमेडी किंग' की पहली डेथ एनिवर्सिरा पर नजर डालेंगे उनके कुछ मजेदार डायलॉग्स पर। 1987 की हिट फिल्म 'मिस्टर इंडिया' को आज भी बॉलीवुड की बेस्ट मूवीज में से एक माना जाता है। फिल्म में उनका रोल कुक का था। यह छोटा रोल था, लेकिन सतीश ने दमदार एक्टिंग से छोटे से रोल को भी यादगार बना दिया। 1989 में रिलीज हुई 'राम लखन' हिंदी फिल्मों की सपरहिट फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में सतीश कौशिक का रोल ज्यादा लंबा नहीं था। उनका कैरेक्टर अनुपम खेर के साथ दुकान पर काम करने वाले का होता है। एक सीन में वह अनुपम खेर से कहते हैं।

सलमान खान को इस हीरोइन के लिए सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी साजिद नाडियावाला की नई फिल्म की रिलीज डेट आउट

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी ने साल 2021 में फिल्मी करियर शुरू किया था। मिलान लूथरिया निर्देशित फिल्म में अहान ने तारा सुतारिया के साथ स्क्रीन शेयर किया था। 'तड़प' के तीन साल बाद एक बार फिर वह बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। ही सुनील शेट्टी के बेटे के साथ एक बड़ी फिल्म लेकर आने वाले हैं। साजिद नाडियावाला ने अहान शेट्टी के साथ अपनी नई फिल्म का एलान कर दिया है। आज उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर बताया कि उनकी आगामी फिल्म सनकी कब रिलीज हो रही है। अहान पहली बार सलमान खान की हीरोइन संग नजर आएंगे। अहान शेट्टी ने एक बार फिर साजिद नाडियावाला के साथ हाथ मिलाया है। अभिनेता की आगामी फिल्म का नाम सनकी है, जिसको लेकर लम्बे समय से चर्चा हो रही थी। अब आखिरकार मेकर्स ने फिल्म का एलान कर दिया है। फिल्म में अहान शेट्टी के साथ कौन सी हीरोइन नजर आएगी और मूवी कब रिलीज होगी, इसकी घोषणा भी कर दी गई है। तारा सुतारिया के लिए 'तड़प' के बाद अब अहान शेट्टी एक और बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री के लिए 'सनकी' बनेंगे। वह फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में सलमान खान की हीरोइन बनीं पूजा हेगड़े के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। पूजा हिंदी के साथ-साथ साउथ की मशहूर अभिनेत्री हैं। पूजा और अहान की जोड़ी देखना दिलचस्प होगा। साजिद नाडियावाला ने सनकी की कास्ट के साथ-साथ रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है। फिल्म प्यार के महीने में थिएटर्स में दस्तक देगी। फिल्म को 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। नाडियावाला ग्रैंडसन के इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया गया है।

भूल भुलैया 3 की शूटिंग से पहले कार्तिक आर्यनने घर में की पूजा कहा 'करियर की सबसे बड़ी फिल्म

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)



नई दिल्ली। भूल भुलैया और भूल भुलैया 2 की सक्सेस के बाद अब तीसरी किश्त पर काम शुरू हो गया है। फिल्म की कास्ट पर मुहर लगने का पोस्ट। कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 2 में काम किया था। इस फिल्म में तब्बू और कियारा आडवाणी भी अहम भूमिका में थीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। हालांकि, सिर झुकाए भगवान का आशीर्वाद लेते हुए देखा जा सकता है। इस तस्वीर के साथ अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, आज से अपने करियर की सबसे बड़ी फिल्म को शुरू कर रहा हूं। शुभारंभ,

के बाद आज से फिल्म की शूटिंग शुरू हो रही है। अभिनेता कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ खुशखबरी शेयर की है। हॉरर फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग आज से शुरू होने जा रही है। कार्तिक आर्यन फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग से पहले अभिनेता ने भगवान का आशीर्वाद लिया। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें वह घर पर ही भगवान की पूजा करते हुए नजर आ रहे हैं। देखिए अभिनेता तीसरी फिल्म में कार्तिक के साथ तब्बू और कियारा नजर नहीं आएंगी। दोनों का फिल्म से पत्ता कट गया है। नई कास्ट के साथ आज कार्तिक आर्यन, अनीस बाजमी निर्देशित भूल भुलैया 3 की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। अपने करियर की सबसे बड़ी फिल्म के शूट से पहले कार्तिक आर्यन ने भगवान का आशीर्वाद लिया। उन्होंने घर पर ही भगवान की पूजा-अर्चना की। अभिनेता ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की है। फोटो में कार्तिक आर्यन को हाथ जोड़े और भूल भुलैया 3।ठ भूल भुलैया में विद्या बालन ने मंजुलिका का किरदार निभाया था। तीसरी किश्त में एक बार फिर विद्या बालन मंजुलिका के रूप में वापसी कर रही हैं। फिल्म में सबसे बड़ा सरप्राइज माधुरी दीक्षित हैं। वह इस फिल्म में नजर आएंगी। वहीं, कियारा आडवाणी को एनिमल एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने रिप्लेस किया है। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह की भी अहम भूमिका होगी। फिल्म इसी साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगी।

मार्च से जून तक प्राइम वीडियो पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। मार्च से जून के बीच प्राइम वीडियो पर कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज आने वाली हैं। प्लेटफॉर्म ने इनकी रिलीज डेट के साथ ट्रेलर जारी किये हैं। इनमें कुछ देसी और कुछ विदेशी शामिल हैं। पर जो फिल्में और सीरीज आ रही हैं उनमें रोमांस

से लेकर एक्शन और पीरियड ड्रामा भी हैं। सारा अली खान की ए वतन वतन मेरे और बिग गर्ल्स डोन्ट क्राय रिलीज होंगी। वहीं हॉलीवुड से फालआउट द आइडिया ऑफ यू और रेड हाउस बड़ी रिलीज हैं। प्राइम वीडियो ने इन सभी के ट्रेलर्स जारी कर दिये हैं 14 मार्च को बिग गर्ल्स डोन्ट क्राय सीरीज आ रही है। यह स्कूल ड्रामा है, जो एक काल्पनिक बोर्डिंग स्कूल में दिखाया गया है। शो में अवंतिका वंदनापु, अनीत पड्डा, दलाई, विदुषी मुख्य किरदारों में हैं। शो को नित्या मेहरा ने क्रिएट किया है। शो में पूजा भट्ट, राइमा सेन, जोया हसन और मुकुल चड्ढा भी अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। 14 मार्च को फ्रिडा डॉक्युमेंट्री रिलीज हो रही है। यह मैक्सिकन आर्टिस्ट फ्रिडा कहलो की कहानी है। अंतरराष्ट्रीय दिवस पर इसका ट्रेलर जारी किया गया है। उन्होंने मैक्सिन कम्यूनिस्ट पार्टी ज्वाइन की थी। उन्हें अपने क्रोनिक पेन को कैनवास पर उतारने के लिए भी जाना जाता है। 21 मार्च को हॉलीवुड फिल्म रेड हाउस आ रही है। यह अंग्रेजी के साथ हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कनन्ड़ भाषाओं में भी रिलीज की जाएगी। फिल्म में जेक गेलेनहॉल, डैनियेला मेलकियोर, बिली मैगनुसेन और जेसिका विलियम्स अहम भूमिकाओं में हैं। यह एक्शन फिल्म है। 21 मार्च को सारा अली खान की फिल्म 'ए वतन मेरे वतन' रिलीज होगी। यह उषा मेहता के जीवन से प्रेरित फिल्म है, जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ने के लिए अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन शुरू किया था। इस फिल्म में इमरान हाशमी भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगे। फालआउट 11 अप्रैल को रिलीज होगी। यह साइंस फिक्शन सीरीज है, जिसमें एपोकैलिप्स (न्यूक्लियर तबाही) के 200 साल बाद की घटनाओं को दिखाया जाएगा। यह सीरीज रेट्रो-फ्यूचरिस्टिक वीडियो गेम से प्रेरित है। लूसी वॉल्ट ड्वेलर है। वॉल्ट जमीन के नीचे स्थित वो सुरक्षित जगह है, जहां दुनिया खत्म होने के बाद बचे हुए लोग रहते हैं, जो तकनीकी तौर पर उनन्त हैं।

'आपको पठान जैसी फिल्में करनी चाहिए', इस सलाह पर आमिर खान ने एसआरके का नाम लेकर दिया जबरदस्त जवाब

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से मशहूर आमिर खान ने पीके, थ्री इडियट्स दिया। लाल सिंह चड्ढा के बाद आमिर खान को फिर से पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं। हाल ही में, अभिनेता बतौर प्रोड्यूसर अपनी फिल्म लापता ने अपने जिगरी यार शाह रुख का जिक्र करते हुए एक ऐसी बात बोली, जो आपका दिल जीत लेगी आमिर खान ने फैन को जवाब दिया, ठयार

और दंगल समेत कई सुपरहिट फिल्में की हैं। हालांकि, कुछ समय से अभिनेता की किस्मत उनका साथ नहीं दे रही है। साल 2022 में आई फिल्म लाल सिंह चड्ढा बुरी तरह पिटी था को आखिरी बार फिल्म लाल सिंह चड्ढा में देखा गया था। हाल ही में अभिनेता अपने प्रोडक्शन तले बनी लापता लेडीज लेकर आए। फिल्म के प्रमोशन करने के दौरान एक फैन ने आमिर खान को सजेस्ट किया कि उन्हें शाह रुख खान की फिल्म जैसी फिल्में करनी चाहिए। इस सजेशन के बाद अभिनेता ने जबरदस्त जवाब लेडीज लेकर आए। अभिनेता इस फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। आमिर खान ने इंस्टाग्राम पर एक लाइव सेशन में अपनी फिल्म का प्रमोशन किया और फैंस के सवालों के जवाब दिया। एक सवाल शाह रुख खान की फिल्म पठान को लेकर था, जो सभी का ध्यान खींच रहा है। आमिर खान से लाइव सेशन में फैंस ने कई सवाल किए। एक यूजर ने उन्हें सजेशन दिया कि उन्हें शाह रुख खान की फिल्म पठान जैसी फिल्में करनी चाहिए। यूजर ने कहा, ठसर आपको पठान जैसी फिल्में करनी चाहिए।ठ आमिर शाह रुख बना रहा ना अच्छी पठान जैसी। मैं बनाता हूं लापता लेडीज। आप वो देखो।आमिर खान, सलमान खान और शाह रुख खान बी-टाउन के जिगरी यार हैं, लेकिन उन्हें एक साथ स्टेज पर देखने के लिए लोग तरसते हैं। हालांकि, अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग में तीनों खान ने न केवल एक साथ स्टेज शेयर किया, बल्कि अपने मजेदार डांस से महफिल में चार-चांद लगा दिया। तीनों का बॉन्ड देख यह कहना गलत नहीं होगा कि वे कितने अच्छे दोस्त हैं।

प्रियंका और परिणीति की तरह राजस्थान में शाही दुल्हन बनेंगी मीरा चोपड़ा, वेडिंग कार्ड वायरल

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा और ने फैंस को गुडन्यूज दी थी कि वह अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड रक्षित हो जाएंगे। मीरा और रक्षित की शादी की रस्में मेहंदी के साथ शुरू होंगी।

परिणीति चोपड़ा के बाद एक और चोपड़ा सिस्टर शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। परिणीति और प्रियंका की तरह फिल्मी दुनिया में नाम कमाने वालीं मीरा चोपड़ा अपनी जिंदगी का एक नया अध्याय शुरू करने जा रही हैं। प्रियंका चोपड़ा की कजिन सिस्टर और एक्ट्रेस कुछ महीने पहले खुलासा किया था कि वह अपने ब्वॉयफ्रेंड से शादी करने जा रही हैं। अब आखिरकार उनकी शादी की तारीख भी सामने आई है। सोशल मीडिया पर मीरा चोपड़ा का वेडिंग कार्ड वायरल हो रहा है। जानिए एक्ट्रेस कब कहां और किस शख्स के साथ शादी करने वाली हैं। कुछ समय पहले मीरा चोपड़ा केजरीवाल के साथ शादी करने जा रही हैं। अभिनेत्री की शादी का कार्ड भी सामने आ गया है। जानिए प्री-वेडिंग से लेकर शादी तक की सारी डिटेल्स यहां। साल 2018 में प्रियंका चोपड़ा ने निक जोनस के साथ जोधपुर के उम्मेद भवन में शाही तरीके से शादी की थी। पिछले साल परिणीति चोपड़ा ने राघव चड्ढा के साथ उदयपुर में सात फेरे लिये। प्रियंका और परिणीति की तरह मीरा चोपड़ा भी राजस्थान में शादी करने वाली हैं। वह जयपुर में रक्षित के साथ शादी के बंधन में बंधेंगी।मीरा चोपड़ा की शादी की रस्में 11 मार्च से शुरू होंगी और 12 मार्च को मीरा व रक्षित एक मेहंदी के बाद शाम को संगीत और कॉकटेल नाइट होगी। 12 मार्च को दिन में हल्दी सेरेमनी होगी और फिर शाम को मीरा और रक्षित वरमाला-फेरे लेंगे। शादी जयपुर के कुंडा के लग्जरी होटल में होगी। शादी के बाद मीरा चोपड़ा और रक्षित की रिसेप्शन पार्टी भी सेलिब्रेट की जाएगी। कपल पूल साइड रिसेप्शन एन्जॉय करेगा। मीरा लम्बे समय से फिल्मी दुनिया में एक्टिव हैं। उन्हें 'सेक्शन 375', 'सफेद' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। एक्ट्रेस ने 'मरुधामलाई' और 'अन्बे आरुयीरे' जैसी कुछ साउथ की फिल्मों में भी काम किया है।

'अगर मुझे कुछ हुआ, उसका जिम्मेदार एल्विश यादव', सागर ठाकुर के बयान के बाद यूट्यूबर को गिरफ्तार करने की मांग तेज

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। 'बिग बॉस ओटीटी 2' के विनर एल्विश यादव इस शो को जीतने के बाद लाइमलाइट में आए। सोशल मीडिया पर उनकी पॉपुलैरिटी जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनकी रीढ़ की हड्डी तोड़ने की कोशिश की गई। एल्विश यादव को लेकर हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह दूसरे यूट्यूबर मैक्सटर्न (सागर ठाकुर) के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। धाराएं हैं और हत्या के प्रयास के स्पष्ट सबूत के बावजूद कोई गैर जमानती आरोप शामिल नहीं है।' उन्होंने आने लिखा, 'एफआईआर में हत्या का आरोप क्यों नहीं शामिल किया गया क्या यह राज्य सरकार

इसी के साथ वह कई कंट्रोवर्सी का भी शिकार हुए। उनकी मुश्किलें अब भी कम होने का नाम नहीं ले रहीं। एल्विश का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह दूसरे यूट्यूबर पर लात-घूंसे बरसाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद गुरुग्राम सेक्टर 53 में एल्विश के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। वहीं, मार खाने वाले शख्स ने अलग वीडियो अपलोड कर पूरा मामला बताया है। बिग बॉस ओटीटी 2 विनर तिंन्र्प् र्भेन् आए दिन किसी न किसी कंट्रोवर्सी का शिकार होते रहते हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो सामने आया जिसमें वह दूसरे यूट्यूबर के साथ मारपीट करते देखे जा सकते हैं। एल्विश के खिलाफ सागर ने एक वीडियो अपलोड करते हुए उनसे जुड़ी कई चीजों का खुलासा किया है। वीडियो में खूब सारी गालियों के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। एल्विश का ये रूप देख उनके फैंस तक हैरान हैं। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। साथ ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। इस बीच मार खाने वाले शख्स ने एल्विश पर लगी धाराओं पर निराशा जाहिर करते हुए घटना का पूरा सच बताया है। ट्विटर पर वीडियो अपलोड कर सागर ने कहा कि एल्विश के खिलाफ एफआईआर को दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'एल्विश यादव, जिन्होंने खुलेआम मुझे जान से मारने की धमकी दी। सारे सबूत इंटरनेट पर उपलब्ध हैं। लेकिन जब मैं एफआईआर दर्ज कराने गया, तो एप्ध् ने इसे आईपीसी 147, 149, 323 और 506 के तहत दर्ज किया। दुर्भाग्य से ये जमानती के पैसे और समर्थन के प्रभाव के कारण है क्या हरियाणा सरकार संभावित रूप से एक अपराधी को बचा रही है? मैं अनुरोध करता हूं एल्विश के खिलाफ हत्या के प्रयास और ् के लिए गैर-जमानती धारा के साथ एफआईआर दर्ज करने के लिए। अगर भविष्य में मेरे साथ कुछ भी दुर्भाग्यपूर्ण होता है, तो एल्विश यादव को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।' सागर ठाकुर ने बताया कि एल्विश के फैन पेज द्वारा नफरत फैलाई जा रही थी, जिस कारण शुक्रवार को उन्होंने एल्विश से मिलने को कहा। एल्विश जब आए, तो उनके साथ 7-10 गुंडे थे। आते ही एल्विश ने मुझे मारना शुरू कर दिया और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। एल्विश ने इस दौरान मेरी रीढ़ की हड्डी तोड़ने की कोशिश ताकि मैं शारीरिक रूप से अक्षम हो जाऊं।

संग नजर आएंगे शत्रुघन सिन्हा, इस वेब सीरीज से ओटीटी पर करेंगे डेब्यू

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। सिल्वर स्क्रीन के साथ-साथ अब ओटीटी का क्रेज भी काफी बढ़ गया है। बड़े-बड़े फिल्म कलाकार डिजिटल प्लेटफॉर्म की तरफ रुख कर रहे हैं। इस कड़ी में अब अगला नाम दिग्गज अभिनेता शत्रुघन सिन्हा का जुड़ रहा है। 70 के दशक में अपने अभिनय के हुनर का लोहा मनवाने वाले शत्रुघन जल्द ही ओटीटी पर डेब्यू करने जा रहे हैं। शत्रुघन सिन्हा हिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। बड़े पर्दे पर अपनी अभिनय की छाप छोड़ने के बाद अब वह जल्द ही डिजिटल प्लेटफॉर्म डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अभिनेता की पहली वेब सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद का फर्स्ट लुक सामने आ गया है जिसमें एक्टर के साथ सनी लियोनी भी नजर आ रही हैं। उनकी पहली वेब सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद का फर्स्ट लुक पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें वह बी टाउन एक्ट्रेस सनी लियोनी के साथ दिख रहे हैं। निर्देशक नागेंद्र चौधरी के डायरेक्शन में बनने वालीं वेब सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद का नाम इस समय चर्चा में है। जिसकी वजह से शत्रुघन सिन्हा हैं, जो इस सीरीज के जरिए ओटीटी पर अपनी एक्टिंग का कमाल दिखाते हुए नजर आएंगे।

विंदू दारा सिंह ने सलमान खान को लेकर किया खुलासा, बताया एक्टर कैसे करते हैं पिता की दी पॉकेट मनी का इस्तेमाल

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान जितने अच्छे एक्टर हैं, उतने ही अच्छे वो इंसान भी हैं। कि दंबग खान अपने फैंस के पसंदीदा हैं। अब कॉलेज के दिनों से सलमान खान के करीबी दोस्त और एक्टर रहे विंदू दारा सिंह ने उनसे जुड़े कई

सलमान हमेशा दूसरों की मदद करने के लिए आगे रहते हैं। यही वजह है दिलचस्प किस्से शेयर किए हैं। विंदू दारा सिंह बड़े पर्दे का एक जाना माना नाम हैं। उन्होंने बिग बॉस का विनर बनने से लेकर सलमान खान और अक्षय कुमार समेत कई सेलेब्स के साथ काम किया है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने अभिनेता सलमान खान को लेकर कई खुलासे किए हैं। उन्होंने यह भी बताया है कि दबंग खान अपने पिता की दी हुई पॉकेट मनी का कैसे इस्तेमाल करते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने यह भी खुलासा किया कि सलमान अभी भी अपने पिता सलीम खान की तरफ से दी जाने वाली पॉकेट मनी पर निर्भर हैं और इसका इस्तेमाल वह दूसरों की मदद के लिए करते हैं। हाल ही में सिद्धार्थ कनन्न के साथ बातचीत के दौरान विंदू दारा सिंह ने सलमान खान से जुड़े कई राज खोले। विंदू ने इंटरव्यू में कहा, 'मैं और सलमान खान बचपन के दोस्त हैं। मैं उन्हें लंबे समय से जानता हूं, वो अच्छे इंसान हैं'। इसके साथ ही विंदू ने यह भी बताया कि सलमान के पिता सलीम खान उन्हें रोजाना पैसे देते थे, जिसे सलमान अपने असिस्टेंट नदीम को सौंप देते थे। इसके आगे उन्होंने कहा, 'सलमान का पर्सनल खर्च कुछ नहीं होता था। सलमान अपने पिता द्वारा दी जाने वाली हर पॉकेट मनी को फिर चाहे वह 50 हजार रुपये हो या 1 लाख रुपये रात तक गरीबों की मदद में लगा देते थे। मैंने सलमान के साथ पांच मूवीज की हैं। शूटिंग में लोग सलमान से मिलने आते थे कोई मदद के लिए पेपर दिखाता था, तो कोई कुछ कहता था'। इसके बाद नदीम और शेरा यह जज करते थे कि कौन सच बोल रहा है और फिर वह उसे भाई के सामने लेकर जाते थे, तो जितने पैसे होते थे सलमान उसे मदद के लिए दे देते थे। इस तरह हर महीने चैरिटेबल कामों में कम से कम 25-30 लाख रुपये का योगदान देते थे और उन्होंने यह प्रथा आज भी जारी रखी है। सलमान के पास सिर्फ एक कार्ड रहता है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2012/41154
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।